


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित



● नई दिल्ली।। शुक्रवार 08 मार्च -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 149 पेज-10 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3






सादर निमंत्रण

(5वीं पुण्यतिथि)



स्व. कैप्टन (रिटायर्ड) बलवीर सिंह

14.01.1942 - 08.03.2019

मेरे पूजनीय पिता जी स्वर्गीय कैप्टन (रिटायर्ड) बलवीर सिंह जी की 5 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार 8 मार्च 2024 को पूजन प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन है। आप की उपस्थिति मुझे और मेरे परिवार को अनुग्रहित करेगी।

कार्यक्रम

शुक्रवार, 08 मार्च-2024

प्रसाद वितरण ......... प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कार्यक्रम स्थल

कनक फार्म हाउस

गोविंदपुरम पुलिस चौकी के पास (गाजियाबाद)

शोकाकुल

श्रीमती शकुंतला देवी (पत्नी)
विपिन (पिंटू) तोमर (पुत्र)
श्रीमती सुधा तोमर (पुत्रवधू)
एडवोकेट दीपक तोमर (पौत्र)
डॉ. यामिनी तोमर MBBS.(पौत्री)
जतिन तोमर (पौत्र)

ADMISSION OPEN !!

SESSION 2024-25

R.K.G. GLOBAL SCHOOL

(A PRESTIGIOUS KNOWLEDGE RESOURCE CENTRE)

MANAGED BY: RAJ KUMAR GOEL GROUP OF INSTITUTIONS

FROM NURSERY TO ALL CLASSES




DAY CUM BOARDING AC RESIDENTIAL SCHOOL
COHERENT CURRICULUM
GLOBAL CONNECTIVITY
LUSH GREEN WIFI CAMPUS
COMPETENCY BASED LEARNING
SYNCHRONIZING COACHING
EXCELLENT INFRASTRUCTURE
SPECIAL SPORTS ACTIVITIES
SHOOTING RANGE, FOOTBALL
PERSONAL CONTACT CLASSES
LANGUAGE ENRICHMENT EXERCISE
ACTIVE LEARNING CLASSROOMS
EXCELLENT TRANSPORT FACILITIES




Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com


# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने महानगर कार्यालय पहुंच कर किया सभी का आभार

# कहा मैं एक सामान्य कार्यकर्ता और पूरी भाजपा है मेरा परिवार









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबीनेट मंत्री बनने के बाद सुनील शर्मा का गाजियाबाद में 50 से ज्यादा स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। जब वह भाजपा महानगर कार्यालय पर पहुंचे तो आकर्षण का केन्द्र बिन्दु वही थे। कार्यकताओं में जोश था और उनकी उमंग ढोल की थाप नारे और आतिशबाजी में दिखाई दे रही थी। सुनील शर्मा ने सबसे पहले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को मौका दिया। उन्होंने कहा कि मैं सभी कार्यकताओं का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। काफी समय से कार्यकर्ता खड़े रहे फिर भी सभी के चेहरों पर प्रसन्नता और खुशी का माहौल है। इसकी वजह यह है कि मैं कोई वीआईपी नेता नहीं हूं और कार्यकर्ता जानते हैं कि मैं उनके परिवार का हूं। इसके लिए ह्दय से आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

## जब मेरे पास फोन आया तो मैं बहुत देर तक कुछ समझ नहीं पाया

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा ने विधायक से कैबीनेट मंत्री होने का सफर कार्यकताओं को बताया। उन्होंने कहा कि मुझे यह मालूम था कि पांच मार्च को मंत्रीमंडल विस्तार हो रहा है। मुझे यह भी मालूम था कि यह बहुत छोटा विस्तार है। मैं पूर्ण आत्मविश्वास से था कि मेरा तो नंबर ही आने का मतलब ही नहीं है। अगर मुझे जरा सा भी अनुमान होता तो मैं 5 मार्च को लखनऊ में होता। उन्होंने बताया कि मैं सुबह 11 बजे पूर्व पार्षद अतर सिंह के साथ बैठा था। मुझे मंदिर जाना था तभी मेरे पास फोन आया। पहले मुझे लगा कि कोई मजाक तो नहीं कर रहा। जब थोड़ी देर बाद फिर फोन आया तो मुझे ये लगा कि मैं एक समिति का सभापति भी हूं तो ऐसा तो नहीं मुझसे कोई भूल हो गई हो इसीलिए मुझे मुख्यमंत्री जी ने बुलाया है। मैं डर के मारे भागा भागा गया और अपने बेटे से कहा कि 1.30 बजे वाली फ्लाईट से टिकट बुक कर दे। जब मैं घर से चला तो यमुना पार तक सोचता गया कि आखिर क्या गलती हो गई और मुझे क्यों बुलाया गया है। इसी बीच मेरे कार्यालय मंत्री हरीश शर्मा को फोन आया और तब तक यमुना पार कर चुका था और उन्होंने बताया कि एक टीवी चैनल पर आपका नाम चल रहा है। सच बताऊं कि मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि एक तो मंत्री बनाया जाना और वो भी कैबीनेट मंत्री। पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी अब पूरे प्रदेश में काम करना है। सब्र का फल बहुत मीठा होता है।

## सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन सर्वोपरि और अनुशासन का ज्ञान

करंट क्राइम। सुनील शर्मा ने कार्यकताओं को अनुशासन और संगठन सर्वोपरि का ज्ञान दिया। उन्होंने अपने कैबीनेट मंत्री बनाये जाने की बात को कार्यकताओं से साझा करते हुए कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी है जो सबसे आखिरी लाइन में खड़े कार्यकर्ता के लिए सोचती है। जो घर बैठे व्यक्ति को बुलाकर उसे कहती है जल्दी आओ शपथ लो, उसे कैबीनेट मंत्री बनाती है। इसलिए पार्टी कार्यकताओं से कहता हूं कि हमेशा संगठन की आज्ञा का पालन करना है। अनुशासन के साथ काम करना है। यहां देर हो सकती है लेकिन अधेर नहीं है। हमारा नेतृत्व निष्पक्ष काम करता है। हमारे यहां ना वंशवाद चलता है और ना परिवारवाद चलता है।

## वार्ड अध्यक्ष से शुरू किया था कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भाजपा में सफर



करंट क्राइम। सुनील शर्मा भाजपा के साफ्ट हिन्दुत्व का चेहरा हैं। वो बजरंग दल से अपनी पारी की शुरूआत के बाद भाजपा में आये। यहां उन्होंने वार्ड अध्यक्ष के रूप में काम शुरू किया। फिर वो मंडल में मंत्री बने। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रहे। वो ऐसे विधायक हैं जिन्होंने पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी से लेकर पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा के साथ काम किया है। पार्टी प्रोटोकॉल को हमेशा फोलो किया है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले विधायक हैं। विधायक के रूप में यह उनकी तीसरी पारी है और पहली बार सरकार में मंत्री बने है और पहली बार में उन्हें कैबीनेट मंत्री बनाया गया है।

## हर भाजपा कार्यकर्ता ये मान ले कि वो है सरकार का सदस्य

करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने स्वागत के रूप में ये देखा कि कार्यकताओं के चेहरे पर खुशी है, उत्साह है। उन्होंने कहा भी कि ये इसलिए है क्योंकि भाजपा एक परिवार है और मैं उसी परिवार का सदस्य हूं। उन्होंने ये भी कहा कि अब कार्यकताओं को ये सुविधा है कि वो अपने मंत्री से सीधे बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता को ये अधिकार है कि वो मान ले कि मैं सरकार का सदस्य हूं।

## सुनील शर्मा के रूप में मजबूत हुआ विधायक टोले का बैकअप



करंट क्राइम। भगवागढ़ में चल रही भगवा जंग सबको पता है। यहां पर लोकसभा सांसद के रूप में जनरल वीके सिंह केन्द्रीय मंत्री हैं, नरेन्द्र कश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। मगर विधायकों को यहां वो बैकअप नहीं मिल रहा था। उसकी वजह यह है कि जनरल वीके सिंह का शैड्यूल बिजी रहता है और नरेन्द्र कश्यप न्यूट्रल गियर के मंत्री हैं। वो सीधे सीधे मोर्चा खोलने से बचते हैं। एमएलसी दिनेश गोयल का चैप्टर लैटर वाले मैटर के बाद से विधायकों की तरफ से क्लोज है। कहा तो ये जाता है कि विधायक टोला इस समय सुग्रीव और बाली वाली स्थिति से गुजर रहा था। अब चर्चा ये है कि भगवागढ़ के विधायक टोले का बैकअप बढ़ गया है। एक विधायक के मुख से निकले ये शब्द हैं कि हम किसी कम्प्टीशन की बात तो नहीं कह रहे लेकिन अब हमारा पक्ष मजबूत हो गया है जब सरकार में हमारे विधायक कैबीनेट मंत्री होंगे तो हमारी भी ताकत बढ़ेगी और कार्यकताओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

## जब अतुल गर्ग के पास आया अरूण सिंह का फोन और उन्होंने पहनाई एक माला




करंट क्राइम। सियासत की जमीन पर बहुत कुछ घटित हो रहा है। छोटे से मंत्रीमंडल विस्तार में सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले सुनील शर्मा को कैबीनेट मंत्री बनाया गया। जब उनका स्वागत हो रहा था तो शहर विधायक अतुल गर्ग के पास एक फोन आया। इस फोन के बाद अतुल गर्ग ने एक अतिरिक्त माला कैबीनट मंत्री सुनील शर्मा के गले में पहनाई। माला की पूरी कहानी अतुल गर्ग ने करंट क्राइम को बताई। उन्होंने कहा कि दरअसल सबसे पहले अरूण सिंह का फोन भाजपा के सुशासन प्रभारी तरूण शर्मा के पास आया था। तरूण शर्मा ने उन्हें बताया कि अतुल गर्ग मंच पर हैं उनसे बात कर लें। इसके बाद अरूण सिंह का फोन मेरे पास आया और उन्होंने कहा कि सुनील शर्मा को कैबीनेट मंत्री बनने पर बधाई और उन्हें एक माला मेरी तरफ से पहना दीजिए। तो मैंने एक माला अपनी ओर से पहनाई और एक माला राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह का फोन आने के बाद उनकी ओर से भी विधायक सुनील शर्मा के गले में डाली। यह अरूण सिंह का सुनील शर्मा के प्रति विशेष प्रेम है।

## क्यों कही पूर्व मंत्री ने ये बात अब होगा बिना किसी प्रोटोकॉल के संवाद



करंट क्राइम। पूर्व राज्यमंत्री अतुल गर्ग स्वयं मंत्री रहे हैं। सरकार में दो विभागों के राज्यमंत्री का पदभार संभाला है। लेकिन जब कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत हो रहा था तो उन्होंने जो बात की वो सभी ने सुनी। उन्होंने कहा कि सुनील शर्मा के कैबीनेट मंत्री बनने के बाद सभी विधायक उत्साहित हैं। सभी कार्यकताओं में जोश है और अब कार्यकताओं को भी प्रोटोकॉल की जरूरत नहीं है। उनके बीच कार्यकर्ता ही कैबीनेट मंत्री के रूप में हैं और सभी कार्यकताओं का अपने मंत्री से बिना किसी प्रोटोकॉल के संवाद होगा। कार्यकर्ता अपने मंत्री से हाथ पकड़ कर बात कर सकते हैं। गले में हाथ डालकर बातें हो सकती हैं। एक ऐसे कैबीनेट मंत्री जो हर वक्त कार्यकताओं के लिए उपलब्ध हैं।

## ऐतिहासिक स्वागत कराकर संजीव शर्मा ने दिखाया अपना वजूद




करंट क्राइम। सुनील शर्मा जब कैबीनेट मंत्री बनने के बाद अपने ही घर आये तो यहां वो अपने ऐतिहासिक स्वागत से अभिभूत नजर आये। उन्होंने महानगर कार्यालय पर संजीव शर्मा के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक स्वागत जुलुस के लिए आभार व्यक्त किया। जब पत्रकारों ने भी उनसे सवाल किया तो ऐतिहासिक स्वागत से गदगद सुनील शर्मा ने यहां संवाददाताओं से भी कहा कि क्या संजीव शर्मा की क्षमताओं पर कोई शक है। संजीव शर्मा एक ऐसे अध्यक्ष हैं जो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सफल कार्यक्रम आयोजित करा चुके हैं। कई सफल सम्मेलन उनके हिस्से में है और जब बात सुनील शर्मा के कैबीनेट मंत्री बनने के बाद स्वागत की आई तो यंहा संजीव शर्मा ने अध्यक्ष के रूप में अपना वजूद दिखाया। उन्होंने एक नही, दो नहीं, तीन नहीं बल्कि 50 से ज्यादा स्वागत प्वाईंट पर स्वागत कराकर अपनी ताकत दिखाई। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष हैं और ये मैसेज एक खेमा दे रहा था कि विधायक और अध्यक्ष के बीच दिखावे का ही तालमेल है और यहां सुनील शर्मा का कैबीनेट मंत्री बनना संजीव शर्मा के लिए एक झटका है। क्योंकि अब उन्हें 2027 की टिकट दावेदारी में खटका दिखाई देगा। सुनील शर्मा का कैबीनेट में आना संजीव शर्मा के पोलिटिकल कैरीयर में एक बैरियर होगा। लेकिन संजीव शर्मा ने दिखा दिया कि क्यों उन्हें टीआरपी का बादशाह कहा जाता है और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में केवल दो चेहरे हैं जो रिपीट हुए हैं और उनमें एक चेहरा संजीव शर्मा हैं। संजीव शर्मा ने ऐतिहासिक स्वागत कराकर एक बड़ी मिसाल पेश कर दी। पूरे स्वागत की रूपरेखा बनाई और खुद भाजपा दफ्तर पर घंटो बैठकर सबकी ड्यूटी लगाई। यूपी गेट से लेकर भाजपा महानगर कार्यालय तक स्वागत क क्रम नहीं टूटा। आतिशबाजी हुई और संजीव शर्मा एक बार फिर पूरी ताकत के साथ यहां नजर आये।

## जब अजीत पाल त्यागी के लिए विशेष रूप से दिखा कैबिनेट मंत्री का प्यार, आधा घंटा बैठकर किया उनके आने का इंतजार



**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा का विधायक अजीत पाल त्यागी से विशेष स्नेह और प्यार है। अगर कोई अपना है तो अपनेपन का एहसास क्या होता है तो ये कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिखाया। प्रोटोकॉल से अगर जाकर कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधायक अजीत पाल के आने का इंतजार आधा घंटा बैठकर किया। ये दिखाया कि प्रोटोकॉल से बड़े रिश्ते हैं और अपनों के लिए कोई तक्कलुफ नहीं होता। सुनील शर्मा स्वागत समारोह के बाद मंच से उतरकर भाजपा कार्यालय में बने कक्ष में गये। यहां अध्यक्ष, विधायक, पूर्व मेयर सहित कई चेहरे मौजूद थे। यहां सुनील शर्मा ने ये पूछा कि क्या अजीतपाल त्यागी आ गये। और फिर जब उन्हें पता चला कि वो रास्तें में है तो उन्होंने कहा कि अभी थोड़ी देर में प्रेसवार्ता करेंगे। इसके लगभग 15-20 मिनट बाद उन्होंने प्रेसवार्ता की और सुनील शर्मा यहीं से कार्यालय जा सकते थे। लेकिन ये उनकी सौम्यता और विधायक अजीत पाल त्यागी के प्रति उनका प्यार था कि वो लगभग 30 मिनट तक वहीं रहे और जब तक अजीतपाल त्यागी आ नहीं गये तब तक वो नहीं उठे। उनका इंतजार करते रहे। और जब अजीत पाल त्यागी आये तो वो भी पूरी मोहब्बत के साथ मिले। तब पता चला कि विधायक अजीत पाल त्यागी की पहले लखनऊ से लौटते समय गाड़ी लेट हो गई और बाद में वो लालकुंआ के पास ट्रैफिक जाम से फंस गये थे। अजीत पाल त्यागी ने भी अपने व्यवहार से ये संदेश दिया कि लोग उन्हें प्यार और स्नेह क्यों देते हैं।

## क्यों बोले अतुल गर्ग दो दिन बाद फिर करना है संजीव को स्वागत



करंट क्राइम। शहर विधायक अतुल गर्ग शब्द बाण चलाना बखूबी जानते हैं। वो जानते हैं कि कौन से बाण से कौन से प्राण लिये जा सकते हैं। जब स्वागत सभा के बाद सभी विधायक अंदर असेम्बल हुए तो यहां अतुल गर्ग ने अपने शब्दों के बाण से कहानी में एक नई जान दी। उन्होंने कहा कि स्वागत बहुत अच्छा था लेकिन संजीव शर्मा को ऐसा ही भव्य स्वागत दो दिन फिर से करना होगा। अब दो दिन बाद स्वागत क्यों करना होगा, किसका करना होगा, वाले सवाल पर अतुल गर्ग कुछ नहीं बोले और चेहरे पर स्माइल ले आये। जबकि महनगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पूरी तरह से नो कमेंट स्टाइल अपना लिया।







करंट क्राइम। साहिबाबाद के लोकप्रिय विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के उपरांत उनके गाजियाबाद आगमन पर श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 10 राज नगर गाजियाबाद में उनके द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी विग्नेश झा, मंदिर अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चित्तौड़िया (एडवोकेट) एवं अन्य लोगों ने उनको मंदिर में गुलदस्ता, पटका, माला, वं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

# महाशिवरात्रि पर चारों पहर की पूजा और जलाभिषेक करने पर मिलता है भोलेनाथ का आशीर्वाद : महंत नारायण गिरी

## हर साल बढ़ रही है शिव भक्तों की संख्या और आस्था

## सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक होगी विशेष आरती और बाबा का श्रृंगार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पौराणिक काल से ही गाजियाबाद के दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का अपना महत्व रहा है। सावन के सोमवार के साथ ही महाशिवरात्रि पर इसकी रौनक, सजावट और आस्था का सैलाब बढ़ जाता है। दिल्ली-एनसीआर के मध्य में स्थापित दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के लिए कहा जाता है कि यहां भगवान शिव के परमभक्त व उपासक के रूप में राजा लंकेश रावण ने भी यहां जलाभिषेक किया था। यहां का शिवलिंग दुनियाभर में अपने तरह का इकलौता और अनोखा शिवलिंग है जो शिवालय में स्थापति है। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का शिवलिंग धरती से सटा होने की वजह से और ज्यादा उन्नति प्रदान करने वाला शिवलिंग है। **जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता और गाजियाबाद दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के प्रमुख महंत नारायण गिरी से महाशिवरात्रि पूजन तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण ने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पौराणिक इतिहास, महत्व और भगवान भोलेनाथ की महिमा का महत्व भी बताया। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश।**



### महाशिवरात्रि का पर्व है इसके लिए क्या खास तैयारी की गई हैं और कैसे पूजन होगा?

**करंट क्राइम।** महाशिवरात्रि पर्व के लिए पिछले एक सप्ताह से मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट, फूलों से लेकर विशेष कपड़ों और लाइटिंग की सजावट की जा रही है। साथ ही भगवान शिव के दरबार, नंदी- पार्वती के नए वस्त्र के साथ ही पूरे मंदिर की धुलाई और सजा की गई है। खास बात यह है कि महाशिवरात्रि पर लगभग 24 घंटे के आसपास भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और अलग-अलग प्रहर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम किया जाता है।

### महाशिवरात्रि पर भक्त कैसे पूजन करें और क्या खास महत्व है?

**करंट क्राइम।** भगवान भोलेनाथ की प्रतिदिन पूजा करने वाले भक्तों के लिए महाशिवरात्रि अपने आप में खास है। इस दिन भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। ऐसा ही कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में भी आयोजित किया जाता है। साथ ही शिव बारात भी निकल जाती है। वहीं शिव भक्त दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, बूरे, पंच मेवे और मिष्ठान का भेग लगाते हैं। वहीं भोलेबाबा के प्रसाद के रुप में भांग, बेलपत्र, धतूरा, आंख के पुष्प अर्पित करते हैं। खास बात यह है कि महाशिवरात्रि पर चारों प्रहर की पूजा करने वाले भक्तों को भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा प्राप्त होती है। इस दौरान अलग-अलग समय पर अलग-अलग श्रृंगार भी बाबा पर किया जाता है।





### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के लिए कहा जाता है कि यहां रावण ने भी पूजा अर्चना की है?

करंट क्राइम। रावण के द्वारा यहां पूजा अर्चना करने के आदिकाल में कई प्रसंग मिले हैं। साथ ही यह भी सत्य है कि रावण भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त और उपासक थे। महाशिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सुबह 5 :30 से लेकर 6 :30 तक विशेष श्रृंगार और आरती होगी। इसी के साथ सुबह 3 :30 से 4 :30 बजे तक भी विशेष श्रृंगार और भस्म से आहुति दी जाती है।







### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में कितने भक्त जलाभिषेक करेंगे और क्या व्यवस्था रहेगी?

**करंट क्राइम।** मंदिर प्रशासन के साथ ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग व सहयोगियों की अन्य टीमें सहयोग करती हैं। साथ ही हमारे वालंटियर भी रहते हैं। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में अमूमन महाशिवरात्रि पर तीन से चार लाख श्रद्धालु 24 घंटे के दौरान जलाभिषेक एवं पूजन करते हैं। साथ ही भगवान श्रीराम का मंदिर अयोध्या में बनने के बाद लोगों में आस्था अधिक जगी है और वह पूजा पाठ की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

### महाशिवरात्रि पर वीवीआईपी व भक्तों के लिए भी कोई इंतजाम किए जाते हैं?

**करंट क्राइम।** भगवान दूधेश्वरनाथ की पूजा अर्चना करने वाला प्रत्येक भक्त को हम वीवीआईपी ही मानते हैं और शहर के प्रमुख वीवीआईपी से हम निवेदन करते हैं कि वह ऐसे अवसरों पर अधिक भीड़भाड़ लेकर ना आएं ताकि व्यवस्था बनी रहे और भगवान भोलेनाथ के भक्तों को आसानी से जलाभिषेक करने का अवसर मिल सके। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग से लाइन की व्यवस्था रहती है। साथ ही शहर के गणमान्य लोग लाइन में लगकर भी भगवान भोलेनाथ की पूजा करना उचित समझते हैं।



### भीड़भाड की वजह से कई बार भक्त दर्शन नहीं कर पाते हैं?

**करंट क्राइम।** भगवान भोलेनाथ के भक्त दर्शनों के लिए परेशान ना हों। मंदिर समिति द्वारा पूजा और दर्शन का लाइव प्रसारण किया जाता है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी तमाम तरीके के लिंक, वीडियो और फोटो अपलोड किए जाते हैं ताकि भक्त भगवान भोलेनाथ और दूधेश्वरनाथ महाराज के दर्शन कर सकें।

### महाशिवरात्रि पर क्या विशेष आयोजन और पूजन है?

**करंट क्राइम।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात के साथ ही भगवान भोलेनाथ को सभी ज्योतिर्लिंग का जल अर्पित किया जाता है। इसी के साथ भगवान के भोग में 151 प्रकार के अलग-अलग स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं। जो भगवान को अर्पित किए जाते हैं। इसी के साथ पंचमेवे की सजावट भी विशेष आकर्षण होता है। इससे भगवान भोलेनाथ के दरबार की भव्यता और ज्यादा बढ़ जाती है।

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब


















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** घंटाघर रामलीला मैदान में आज से शुरू हो रही श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व बृहस्पितवार को अम्बेडकर रोड स्थित बालाजी मंदिर से श्याम परिवार समिति द्वारा 1008 कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया श्रीमद् भागवत सिर पर रखकर चल रहे हैं। कलश यात्रा का शहर के अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। यात्रा का समापन घंटाघर रामलीला मैदान में हुआ।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




# सियासत के मैदान से लेकर सेना के मोर्चे पर महिलाओं ने बनाई है अपनी सशक्त पहचान

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

## हर मोर्चे पर कामयाब है गाजियाबाद की आधी आबादी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।**

घर को स्वर्ग बनाती नारी,
घर की इज्जत होती नारी,
देव भी करते जिसकी पूजा,
ऐसी प्यारी मूरत है नारी।





आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और महिलाएं गाजियाबाद में भी प्रमुख पदों से लेकर शहर में प्रथम नागरिक होने की ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारी से लेकर पीपीएस अधिकारी और महिला थाने की प्रभारी से लेकर खास थाने की कमान भी महिला अधिकारी संभल रहीं हैं। जो बता रहा है कि नारी सशक्त है और उसका सम्मान भी मॉर्डन युग में बहुत तेजी से बढ़ा है। वहीं वायु सेवा में नौकरी से लेकर देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन नमो भारत को चलाने का गौरव भी महिलाओं के कंधों पर नजर आता है। पायलट की भूमिका निभाने का काम भी महिलाएं ही कर रही हैं। दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद के अलग-अलग क्षेत्र और खास पुलिस अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान दिया है, जो अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी समझते हुए सामाजिक कल्याण के लिए अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### शहर की प्रथम नागरिक का गौरव भी है महिला के पास



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता और प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ ही महापौर का चुनाव जीतने वाली सुनीता दयाल शहर की प्रथम नागरिक हैं। यह उनके लिए भी एक सम्मान की बात है कि वह गाजियाबाद जैसे प्रमुख शहर की प्रथम नागरिक होने का गौरव प्राप्त कर चुकी हैं। साथ ही उन्होंने नगर निगम चुनाव में जिस रिकॉर्ड तोड़ वोट के साथ जीत हासिल की थी वह भी अपने आप में खास है। महापौर गाजियाबाद का पद संभालने के बाद लगातार सुनीता दयाल अपनी कार्यशैली और प्रमुख फैसलों से सभी को आश्चर्यचकित कर रही हैं। वह एक सशक्त नारी और अपनी जिम्मेदारी की भूमिका का भी निर्वाहन कर रहीं हैं।

### कमिश्नरेट में दूसरे नंबर की अधिकारी हैं आईपीएस कल्पना सक्सेना



करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में दूसरे नंबर की अधिकारी के रूप में आईपीएस कल्पना सक्सेना यहां तैनात हैं। उन पर गाजियाबाद की कानून व्यवस्था से लेकर महिला अपराध नियंत्रण, यातायात और यूपी-112 जैसी प्रमुख सेवाओं की जिम्मेदारी है। बीते दिनों उनके नेतृत्व में गाजियाबाद के 20 पिंक बूथ पर परामर्श केंद्र शुरू करने की जिम्मेदारी भी रही। तो वहीं वह पूर्व में हुए कई बड़े आयोजनों को सफलतापूर्वक करने में आगे देखी गई हैं। उनके द्वारा पिंक बूथ की वर्किंग सुधारने के लिए भी समय पर बैठकर और महिला अपराध व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जोर दिया जाता है।

### वायु सेना में भी दिखता है आशिमा नेगी की शक्ति का जोश



करंट क्राइम। वायु सेवा में नीली वर्दी पहनकर हवा से बात करने के लिए वायु सेवा में भी महिला अधिकारी कमान संभाल रहीं हैं। आशिमा नेगी वायु सेना में एसाईटीओ के पद पर कार्यरत हैं और वह वायु सेवा के तमाम ऑपरेशंस में अपना योगदान भी दें चुकी हैं। उनके पति और ससुर भी वायु सेना में देश के लिए अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं। ग्रुप कैप्टन जी बोहर लंबे समय तक हिंडन जैस प्रमुख एयरबेस में तौनत रहे थे।

### देश की हाई स्पीड ट्रेन को चला रही हैं गाजियाबाद की शिवानी



**करंट क्राइम।** देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन के संचालन के बाद उसमें पायलट की जिम्मेदारी भी गाजियाबाद की रहने वाली शिवानी संभाल रही हैं। शिवानी सिद्धार्थ विहार में रहती हैं और देश की पहली हाई स्पीड नमो भारत ट्रेन में वह नौकरी कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके उद्घाटन अवसर पर उनको ना सिर्फ सम्मानित किया था बल्कि उनके साथ फोटो सेशन भी कराया था। यह सभी महिला कर्मचारियों के लिए एक गौरवान्वित कर देने वाला पल रहा था। महिला दिवस पर ऐसी महिला समाज और देश के लिए एक अलग पहचान हैं।

### बदमाशों पर गोली भी चला रही हैं महिला उपनिरीक्षक




**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक जिले में एक थाने पर महिला पुलिस अधिकारी को तैनात करने का आदेश दिया था। जिसके बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में लिंक रोड थाने पर उप निरीक्षक प्रीति को तैनात किया गया था। प्रीति द्वारा बीते दिनों एक बदमाश का हाफ एनकाउंटर किया था और उनकी टीम के द्वारा ही बदमाशों पर आत्मरक्षक फायरिंग की गई थी। जिसमें एक बदमाश को गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले भी प्रीति रिपोर्टिंग चौकी और लगभग डेढ़ साल से अधिक तक देहात की प्रमुख चौकी पर अपनी वर्किंग के जरिए अधिकारियों और बदमाशों को मुंह तोड़ जवाब दे चुकी हैं।

### महिला थाने का प्रभार संभाल रही हैं प्रगति सिंह



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रगति सिंह महिला थाने का प्रभार संभाल रहीं हैं। उनके द्वारा महिला अपराध और कानून व्यवस्था को बनाने के लिए कमिश्नरेट पर योगदान दिया जा रहा है। इसके साथ ही वह अपने परिवार और बच्चों को नेक काम करने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। महिला थाने के स्टाफ के बीच उनकी पहचान दीदी के रूप में है और वह भी महिला समाज के लिए एक प्रेरणादायक जिम्मेदारी निभा रही हैं।

### पूनम मिश्रा, सलोनी अग्रवाल, श्वेता यादव और प्रियाश्री पाल बढ़ा रही हैं खाकी का मान



करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वर्तमान में कई महिला अधिकारी हैं। पूनम मिश्रा गाजियाबाद में कई प्रमुख सर्किलों का चार्ज संभालने के बाद इन दिनों महिला अपराध और न्याय के लिए अपनी भूमिका का निर्वाहन कर रही हैं। बीते दिनों उनकी अगुवाई में पिंक बूथ और परामर्श केंद्र जैसे कार्यक्रमों में योगदान देखने को मिला है। वहीं वर्तमान में सलोनी अग्रवाल एसीपी वेव सिटी के रूप में जिम्मेदारी निभा रही हैं। अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर भी उनके द्वारा कार्रवाई की जाती है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत पूर्व में एसीपी एलआईयू और वर्तमान में एसीपी ट्रैफिक का प्रभार संभाल रहीं प्रियाश्री पाल भी महिला अधिकारी हैं। भले उनको अभी नौकरी का अनुभव कम हो लेकिन वह अपनी वर्किंग को लेकर महिलाओं के बीच अपनी पहचान रखती हैं। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी ऑफिस के रूप में श्वेता यादव तैनात हैं। बीती 26 जनवरी के कार्यक्रम में उनके द्वारा तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य कार्य योजना बनाई गई थी। वो इससे पूर्व कानपुर कमिश्नरेट में भी पुलिस अधिकारी के रूप में सेवा दे चुकी हैं।

# जब मीडिया से रूबरू हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

## कहा कार्यकर्ताओं को मिलेगी सुविधा और निष्पक्ष तरीके से करूंगा काम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने महानगर भाजपा कार्यालय पर मीडिया से बात की। साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा कैबीनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार गाजियाबाद में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने सबसे पहले भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का आभार जताया और कहा कि संजीव शर्मा के नेतृत्व में इतना अच्छा स्वागत हुआ है। इसके बाद सुनील शर्मा ने 2024 लोकसभा चुनाव का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता, एक-एक नागरिक उत्तर प्रदेश से 80 कमल के फूल मोदी जी को गिफ्ट करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट जीतकर प्रधानमंत्री को देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी तैयारी है और यहां भाजपा के 80 वाले टारगेट की बात करते हुए इंडिया एलायंस को लेकर कहा कि सबसे पहले उनके संयोजक ने छोड़ा। उसके बाद रालोद ने छोडा। ममता बैनरजी अपनी ढपली अपना राग गा रही हैं। जबकि भाजपा ने जो कहा वो करा। मंदिर की तारीख भी बताई और मंदिर भी बनाया। राम मंदिर का निर्माण हो रहा है और सबसे बड़ी बात ये है कि जिस आबूधाबी में मूर्ति पूजा का विरोध होता था वहां अब मंदिर बना है।

### जिसे भी पार्टी टिकट देगी उसे चुनाव लड़ायेंगे

करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से जब ये सवाल हुआ कि इस बार जनरल वीके सिंह लोकसभा सांसद के रूप में क्या पहले से अधिक वोटों से जीतेंगे तो यहां पर सुनील शर्मा ने कहा कि जिसे भी पार्टी टिकट देगी वही सर्वाधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। जब उनसे दोबारा जनरल के जीतने को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि कौन चुनाव लडेगा, ये पार्टी के संसदीय बोर्ड को फैसला करना है। मैं कार्यकर्ता हूं और यह कहकर उन्होंने संसदीय बोर्ड पर बात टाल दी। यहां पर उनसे जब ये सवाल हुआ कि अक्सर ये चर्चा है कि सांसद और विधायकों के बीच गतिरोध है तो उन्होंने कहा कि यह सब मीडिया की कहानी है। जनरल वीके सिंह हमारे माननीय सांसद है हम सांसद के रूप में उनका सम्मान करते हैं। हम सभी विधायक मिलजुल कर काम कर रहे हैं।

### मंत्री का प्रतिनिधि होगा या नहीं ये संगठन तय करेगा

करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से जब यह सवाल हुआ कि अब कैबीनेट मंत्री बन गये हैं और यहां सभी अपना प्रतिनिधि रखते आयें है तो आपका भी कोई प्रतिनिधि होगा। तो इस पर कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैंने अपना कोई भी प्रतिनिधि 2017 के बाद नहीं बनाया है। केवल एक कार्यालय मंत्री हैं और संगठन जिसे भी तय करेगा और संगठन ही ये भी तय करेगा कि मेरा कोई प्रतिनिधि बनेगा या नहीं बनेगा।




### भाजपा सबका ध्यान रखती है और ढोल नहीं पीटती

करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा जाति की बात नहीं करती है लेकिन ध्यान सबका रखती है। जबकि दूसरे दल बात जाति की करते हैं और ध्यान परिवार कर रखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण हाल ही में हुआ मंत्रीमंडल विस्तार है। चार विधायकों को मंत्री बनाया गया है जिनमें दो विधायक ओबीसी है, एक विधायक अनुसूचित जाति वर्ग से है और एक विधायक सामान्य वर्ग से है। भाजपा सबका ध्यान रखती है लेकिन ढोल नहीं पीटती है।

### मैं साहिबाबाद का विधायक और पूरे प्रदेश का हूं मंत्री, करूंगा निष्पक्षता के साथ काम



करंट क्राइम। प्रेसवार्ता में कै बीनेट मंत्री सुनील शर्मा से जब खबर नवीशों ने पूछा कि क्या आप कैबीनेट मंत्री बनने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र साहिबाबाद को कोई बड़ी सौगात देंगे तो यहां सुनील शर्मा ने कहा कि मैं साहिबाबाद का विधायक हूं और पूरे उत्तर प्रदेश का मंत्री हूं। एक विधायक के रूप में साहिबाबाद के लिए काम करूंगा और एक मंत्री के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में बिना किसी पक्षपात के काम करना हैं। जहां तक बाद विधायक के रूप में मेरे विधासभा क्षेत्र साहिबाबाद की है तो मैं ये बता दूं कि मेरे क्षेत्र खोड़ा में जल समस्या के मुक्ति मिली है, सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुल चुके हैं। यहां पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधायें हैं।

### महीने में एक बार करेंगे अधिकारियों के साथ बैठकर चर्चा, मिलेगी कार्यकर्ता को सुविधा



करंट क्राइम। अक्सर ये शिकायत रहती है कि अधिकारी कार्यकताओं की सुन नहीं रहे। कार्यकर्ता अपनी पीड़ा को डीएम वाले सभागार से लेकर कॉलेज वाले सभागार तक रख चुके हैं। इस प्रभारी मंत्री से लेकर उस प्रभारी मंत्री तक के सामने रख चुके हैं। आप कैबीनेट मंत्री बने हैं तो क्या स्थिति में सुधार होगा। तो इस पर सुनील शर्मा ने कहा कि वैसे तो सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि महीने में एक बार जिलाधिकारी, पुलिस के अधिकारी, जन प्रतिनिधियों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। अब जब अधिकारियों के साथ कैबीनेट मंत्री भी बैंठगें तो निश्चित रूप से इसका लाभ कार्यकताओं को मिलेगा। कार्यकर्ता को यह सुविधा भी मिलेगी कि वह अपनी बात खुले मन से रख सकते हैं।

# गाड़ी पर नहीं जमीन पर उतर कर किया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार

## यूपी गेट से लेकर भाजपा कार्यालय तक हुआ जोरदार स्वागत

### एक-एक कार्यकर्ता से मिले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, दिल से किया सभी का आभार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के नवचयनित कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का गाजियाबाद में आगमन हुआ। यूपी गेट से एंट्री लेते ही उनके समर्थकों, प्रशंसकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिस अंदाज में स्वागत किया वह बता रहा था कि गाजियाबाद को क्या उपलब्धि हासिल हुई है। वहीं यूपी गेट पर पहुंचते ही सुनील शर्मा की इनोवा गाड़ी को कार्यकर्ताओं ने स्वागत के क्रम में घेर लिया और गाड़ी से नीचे उतरकर सुनील शर्मा सड़क पर आ गए। इसके बाद फिर वो लाल रंग की थार कार में सवार होकर जो उनका काफिला नदियापार से लेकर सिटी तक चला। इस दौरान जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम और पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान सुनील शर्मा ने भी कैबिनेट मंत्री वाला ग्लैमर ताक पर रखते हुए विधायक वाले अंदाज में एक-एक कार्यकर्ता से मुलाकात की और सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जगह-जगह उन पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ ही जिंदाबाद के नारों की गूंज सुनाई दे रही थी।







### होल्डिंग, बैनर और पोस्टर बता रहे थे खुशी की लहर

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा का सफर यूपी गेट से शुरू हुआ जहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत करने के लिए खुद बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पार्टी पदाधिकारियों के साथ पहुंचे थे। यह कार्यक्रम यूपी गेट से शुरू हुआ। इसके बाद कौशांबी थाना, डाबर, वैशाली मेट्रो, कंट्री इन होटल, साहिबाबाद मंडी, साहिबाबाद गांव, मोहन नगर, रोडवेज बस अड्डा, मोहन नगर मंदिर, अर्थला पीर, चौधरी चरण सिंह मूर्ति स्थल, मेरठ रोड नंदग्राम मोड, पटेल नगर कट, सेवा नगर, आर्य नगर चौराहा, लोहिया नगर, हिंदी भवन, बसंत चौक, नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक, नेहरू नगर होली चाइल्ड चौराहा होते हुए भाजपा के नेहरू नगर स्थित मुख्य कार्यालय पहुंचा था। जहां जगह-जगह पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों ने सुनील शर्मा के स्वागत के लिए होल्डिंग, बैनर और पोस्ट से बोर्ड और सड़क पर स्वागत का सीन बना रखा था।

### दर्जा प्राप्त मंत्री से लेकर पूर्व विधायक भी रहे साथ

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के स्वागत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप से लेकर दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व महापौर आशु वर्मा, आशा शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजा वर्मा, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अशोक गोयल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, बलदेव राज शर्मा, डिप्टी पूर्व मेयर राजेश्वर प्रसाद ,चेयरमैन रीना भाटी, पप्पू पहलवान, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, शहर विधायक अतुल गर्ग, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, कामेश्वर त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप, रिचा भदोरिया, प्रीती चंद्रा, पूनम सिंह, रेनू, कौशल शर्मा, कविता चौहान, लवलीकौर सहित भाजपा के तमाम शीर्ष और पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही भाजपा पार्षद पति मनोज गोयल व उनकी पत्नी कुसुम गोयल, सचिन डेढ़ा, राजकुमार भाटी, अतर सिंह, निर्दोष कसाना, गौरव सोलंकी, नीलम भारद्वाज, राजकुमार, डॉ. अनिल तोमर, अभिनव जैन, प्रीति जैन, सुधीर त्यागी, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्यक्ष, पार्षद विनय चौधरी, पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद सचिन डागर, पार्षद शिल्पा चौधरी, आशीष चौधरी, महेंद्र चौधरी पूर्व पार्षद, मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, हरमीत बक्शी, अजय शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष, नरेश भाटी, आशा भाटी, पार्षद सत्येंद्र चौधरी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, राजीव शर्मा, विजेंद्र चौहान, दीपक राघव मंडल अध्यक्ष, नेहा जैन, पूर्व पार्षद मधु भाटी, शिवानी गौरव सोलंकी, सुनील मावी, राम, संजीव झा, धर्मेंद्र ठाकुर, अभिषेक पंडित, राजीव शर्मा, योगेश भाटी, प्रमोद चौधरी, आलोक शर्मा, बॉबी त्यागी, पार्षद शशि खेमका, विजय भारद्वाज, तरुण भारद्वाज, रामवीर यादव सहित सैकड़ो की संख्या में नदियापार के भाजपा नेताओं ने जगह-जगह कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत किया।

## संपादकीय

# लालू का बयान बना मोदी का सुरक्षा कवच

आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच 'परिवारवाद के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप ह्यचौकीदार चोर हैह्न का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने ह्यमैं भी चौकीदारह्न अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखने का एक महा-अभियान शुरू कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है कहा तो भाजपा ने मैं भी चौकीदार की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब ह्यमोदी का परिवार मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है। नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, चुनावी सभाओं एवं चचाओं में भाषा की मयार्दा बिखर रही है, लेकिन मोदी अपने उद्बोधन में भाषा की मयार्दा को कायम रखते हुए कड़वे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। जितना विराध हो रहा है उतने ही मोदी देश की असंख्य जनता के दिलों में जगह बनाने में कामयाब हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये लोग तो अपने और अपने लोगों के लिए जी रहे हैं, लेकिन मोदी देश के 25 करोड़ परिवारों का सदस्य है। मेरे लिए 25 करोड़ परिवार ही सुरक्षा कवच हैं, जिसे आप इन शस्त्रों से कभी भेद नहीं सकते। यह एक तरह से विपक्ष की ओर इशारा भी है कि हमले की उसकी तैयारी मुकम्मल नहीं है, निस्तेज एवं आधारहीन आरोपों की विपक्षी संस्कृति उसके लिये ही नुकसान का कारण बनती रही है। प्रधानमंत्री के जवाब ने बता दिया कि मजबूत सत्ता पक्ष के सामने बिखरे हुए विपक्ष की मंजिल अभी दूर है।

# महाशिवरात्रि (महर्षि बोधोत्सव) महर्षि दयानंद और शिक्षा !!



12 फरवरी 1824 को जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती एक बड़े समाज सुधारक एवं आध्यात्मिक चेतना के वाहक थे। शिवरात्रि की रात को ही इन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। इनके अनुयायी महाशिवरात्रि को ऋषि बोधोत्सव के रूप में मनाते हैं। इन्होंने 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी, जिससे कि वह उस समय में व्याप्त सामाजिक विषमताओं, अज्ञान और अन्धकार का मुकाबला किया जा सके। आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों और शिक्षा के उत्थान पर जोर देकर देश की सांस्कृतिक और सामाजिक जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**महर्षि दयानंद सरस्वती विद्या को धर्म का आठवां लक्षण मानते हैं। इसलिए :** महर्षि दयानंद सरस्वती ने विद्या प्राप्त करने की प्रेरणा अनेक अवसरों पर दी है। उन्होंने शिक्षा को आर्थिक, सामाजिक, आध्यात्मिक चेतना का मूल तत्व माना है। उन्होंने कहाकि हमें अज्ञानता को समाप्त करना है, तथा ज्ञान में वृद्धि करनी है। विद्या का जो पढ़ना-पढ़ाना है, यही सबसे उत्तम कार्य है। मनुष्यों को स्वाध्याय अर्थात पढ़ना और प्रवचन अर्थात पढ़ाने का त्याग भी कभी नहीं करना चाहिए। विद्या या ज्ञान के द्वारा मनुष्य शुभ गुणों को प्राप्त करने के प्रयत्न करने में अत्यंत पुरुषार्थ की इच्छा करना ही मन का संकल्प होता है। माता-पिता, आचार्य और संबंधियों का मुख्य कर्म अपनी संतानों को उत्तम विद्या, शिक्षा, गुण, कर्म और स्वभाव-रूप आभूषणों का धारण करना है। सोने-चांदी, मानिक, मोती, मूंगा आदि रत्नों से युक्त आभूषणों को धारण करने से मनुष्य की आत्मा कभी सुशोभित नहीं हो सकती। क्योंकि आभूषणों को धारण करने से केवल देह-अभियान, विषयाशक्ति और चोरी होना आदि का भय ही हो सकता है तथा मृत्यु भी संभव है। महर्षि दयानंद ने विद्या का महत्व बताते हुए कहा है कि विद्या एक ऐसा धन है, जिसे चोर चुरा नहीं सकता, कोई दूसरा व्यक्ति उसे छीन नहीं सकता, कोई आपके सगे-संबंधियों, भाई-बहन द्वारा उसका बंटवारा नहीं किया जा सकता है। जबकि बाकी सब धन को चुराया भी जा सकता है, हिस्सों में बांटा भी जा सकता है। एक विद्या ही ऐसा धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता है, और ना कोई बांट सकता है। बल्कि वह दूसरों को देने से और अधिक मात्रा में बढ़ता है। जब मनुष्य सत्य विद्या को पढ़कर ज्ञान अर्जित करेंगे, तभी वह सदा सुखी रहेंगे। क्योंकि सभी गुणों में विद्या ही एक ऐसा गुण है, जो सर्वोत्तम है। धर्म का रक्षक भी विद्या ही है, अर्थात ज्ञान के द्वारा ही धर्म की रक्षा की जा सकती है। क्योंकि विद्या से ही धर्म और अधर्म का बोध होता है, इसी से ही मनुष्यों को हित और अहित का भी ज्ञान प्राप्त होता है। दयानंद जी कहते हैं कि स्वाध्याय और प्रवचन का उपदेश इसलिए किया जाता है, कि इनसे ही पूर्वोक्त धर्म के लक्षणों की प्राप्ति होती है। विद्या के बिना किसी भी वस्तु का स्वरूप स्पष्ट नहीं होता। विद्या से ही उसके स्वरूप को स्पष्ट करके, उसे हम ग्रहण अथवा ग्रहण न करने का निश्चय करते हैं, कि हमें अमुक वस्तु को ग्रहण करना है या नहीं करना है।

महर्षि दयानंद ने, विद्या के ही प्रसंग में इस बात को भी स्पष्ट करते हुए कहा है, कि कोरा ज्ञान ही विद्या नहीं है, वस्तुओं के स्वरूप को ठीक-ठाक जान लेना भी विद्या नहीं है, वरन विद्या अर्थात ज्ञान का जीवन में उपयोग भी होना चाहिए। विद्या का यही फल है, कि जो मनुष्य को धार्मिक होना सिखाता है। जिसने विद्या के प्रकाश से अच्छा जानकार उसे न अपनाया हो और बुरा मानकर उसको न त्यागा हो, तो क्या वह चोर के समान नहीं है? यहां इस बात का उल्लेख करना भी अनिवार्य है, कि यद्यपि विद्या धर्म का एक लक्षण है, किंतु फिर भी जो मनुष्य विद्या पढ़ने की सामर्थ्य नहीं रखते, वह यदि धर्म का आचरण करना चाहें तो विद्वानों के संग और अपनी आत्मा की पवित्रता एवं अविरुद्धता से धर्मात्मा अवश्य हो सकते हैं। अर्थात धर्म को मानने वाले हो सकते हैं। यह सत्य है कि सब मनुष्यों का विद्वान होना संभव नहीं है, किंतु सभी का धार्मिक होना संभव है। जो मनुष्य विद्या को कम भी जानता है, परंतु दुष्ट व्यवहारों को छोड़कर, धार्मिक होकर, खाने- पीने, बोलने, सुनने, बैठने, लेन-देन आदि व्यवहार सत्य तथा ईमानदारी से करता है। वह कहीं भी, दुख को प्राप्त नहीं करेगा। जो संपूर्ण विद्या पढ़कर उत्तम व्यवहारों को छोड़कर, दुष्ट कर्मों को अपनाते हैं, वह कभी संसार में सुख को प्राप्त नहीं कर सकेगा। सभी को विद्या अर्थात ज्ञान प्राप्त करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

**वस्तुतः** दयानंद जी उस व्यक्ति को विद्वान मानते ही नहीं है, जो अधर्मयुक्त आचरण करें। विद्या ही सभी धर्म के लक्षणों को जीवन में धारण कर, सुखी रहना सिखाती है। यदि कोई व्यक्ति पढ़कर भी सुखी नहीं रह पाता अर्थात वह तनाव मुक्त नहीं हो पता तो वह विद्वान कहलाने का अधिकारी भी नहीं है। केवल दो तरह के लोग सुखी व तनाव मुक्त होते हैं- कौन से होते हैं वो तनाव... प्रथम- वे जो बिल्कुल ही मुर्ख हैं। दूसरे वे जो अपने से ऊपर उठ जाते हैं। वह अपने मस्तिष्क का अतिक्रमण कर ज्ञानावस्था अर्थात ज्ञान को प्राप्त कर लेते हैं। अन्य लोग अनेक प्रकार के तनावों व दुखों में ही जीते हैं। मूर्ख की तनाव मुक्ति और विद्वान की तनाव मुक्ति में भी अंतर होता है। मूर्ख की तनाव मुक्ति जड़तावश होती है, जबकि विद्वान की तनाव मुक्ति उसके चैतन्य को प्रकट करती है। अतः व्यक्ति को विद्या प्राप्त कर अर्थात ज्ञान प्राप्त कर, तनाव मुक्त रहने का प्रयत्न करना चाहिए।

# सिंगटेल ने भारती एयरटेल में 5,849 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** ब्लॉक डील के तहत सिंगटेल ने अपनी लगभग 0.8 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी करीब 4.9 करोड़ शेयर जीक्यूजी पार्टनर्स को सौंप दी। इसके बाद गुरुवार की सुबह 10 बजकर 08 बजे मिनट पर एनएसई पर भारती एयरटेल के शेयर 1,199.90 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे। सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल ने 7 मार्च को बताया कि उसने भारती एयरटेल में 0.8 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेच दी है। कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी राजीव जैन की निवेश फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स को 5,849 करोड़ रुपये में बेची।

भारती एयरटेल के शेयर गुरुवार को शुरूआती कारोबार में सपाट ढंग से कारोबार कर रहे थे पर ब्लॉक डील की खबर के बाद कंपनी के शेयरों में शुरूआती नुकसान की भरपाई होती दिखी ब्लॉक डील के तहत सिंगटेल ने अपनी लगभग 0.8 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी करीब 4.9 करोड़ शेयर जीक्यूजी पार्टनर्स को सौंप दी है। गुरुवार की सुबह 10 बजकर 08 बजे मिनट पर एनएसई पर भारती एयरटेल के शेयर 1,199.90 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज द्वारा एआरपीयू अनुमानों को सकारात्मक बताने और खरीद कॉल बनाए रखने से भी भी स्टॉक में तेजी आई। वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में, भारती एयरटेल को एक साल पहले इसी तिमाही की तुलना में 54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,442.2 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। कंपनी का रेवेन्यू भी सालाना आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 37,900 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल के अलावा, ने भारत की शीर्ष कंपनियों में निवेश कर रखा है। उनके निवेश वाली कंपनियों में आईटीसी भी शामिल है, जिसमें दिसंबर 2023 तक इसकी 1,060 मिलियन डॉलर की हिस्सेदारी थी। वहीं, फर्म का आईसीआईसीआई बैंक में 403 मिलियन डॉलर, अडानी एंटरप्राइजेज में 437 मिलियन डॉलर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 345 मिलियन डॉलर, अदाणी पोर्ट्स में 329.2 मिलियन डॉलर और अदानी ग्रीन एनर्जी में 396.1 मिलियन डॉलर का निवेश है।

## राशिफल

**मेष :** किसी अपने नजदीकी से कहासुनी हो सकती है। हृदय को ठेस पहुंच सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में उत्साह की कमी रहेगी।

**वृष :** कम मेहनत से ही कार्यसिद्धि होगी। काफी समय से रुके कार्य पूर्ण होने से प्रसन्नता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**मिथुन :** नए मित्र बनेंगे। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। अच्छी खबर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह :** व्ययवृद्धि होगी। बजट बिगड़ेगा। दूसरों से अपेक्षा पूरी नहीं होगी। कार्य की गति धीमी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कन्या :** रुका पैसा मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे।

**तुला :** आर्थिक नीति का परिवर्तन सुखद रहेगा। कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है अतः लापरवाही न करें। अध्यात्म तथा तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के उकसाने में न आएं।

**मकर :** पारिवारिक मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी में प्रमोशन इत्यादि मिल सकता है।

**कुंभ :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगास्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स समय का लाभ ले सकते हैं।

**मीन :** पठन-पाठन व लेखन आदि कामों में मन लगेगा। सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मस्तिष्क में नए-नए विचार आएंगे।

## चुटकुले

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने आम बचे ?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे ?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

---

सुबह-सुबह पत्नी नींद से उठते ही बोली, 'अजी सुनते हो?'
पति- 'बोलो! क्या हुआ?'
पत्नी - 'मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो।'
पति - ठीक है, तो वापिस सो जा और पहन ले।'

---

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटु - वो कैसे ?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में, सोना दाँतों में, मोती आखों में
शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में पाए जाने लगते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आपके मांसपेशियों में कसरत के बाद परेशानी होती है, तो तरबूज आपकी इस समस्या को हल कर सकता है। यह फल इलेक्ट्रोलाइट्स और एमिनो एसिड साइट्रूलाइन से भरा हुआ होता है, जो भारी कसरत के बाद दर्द की मांसपेशियों को शांत करने में मदद करता है। और एक ईरानी अध्ययन के अनुसार, तरबूज में साइट्रूलाइन मांसपेशियों की थकान को कम करने में मदद कर सकता है।
- तरबूज में कई पोषक तत्व आपके बालों और त्वचा के लिए अच्छे हैं। कुछ त्वचा को सुदृढ़ रखने में मदद करते हैं जबकि अन्य धूप की रोशनी के खिलाफ सुरक्षा करते हैं।
- स्वस्थ पाचन के लिए फाइबर और पानी महत्वपूर्ण हैं। और तरबूज में ये दोनों शामिल हैं।
- क्यूक्रबिटैसीन ई और लाइकोपीन समेत तरबूज में कुछ यौगिकों का अध्ययन कैंसर को रोकने की उनकी क्षमता के लिए किया गया है।
- शोध के अनुसार, हर दिन तरबूज का एक टुकड़ा खराब कोलेस्ट्रॉल के संचय को रोक सकता है, जिससे दिल की बीमारी को रोका जा सकता है।
- तरबूज में एक उच्च पानी की सामग्री है। यह इसे हाइड्रेटिंग बनाता है और आपको पूर्ण महसूस करने में मदद करता है।
- लाइकोपीन और विटामिन सी तरबूज में पाए जाने वाले विरोधी भड़काऊ एंटीऑक्सीडेंट हैं। जो सूजन और कई पुरानी बीमारियों से जुड़ा हुआ है।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका, सुप्रीम कोर्ट 11 मार्च को करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** एसबीआई ने 4 मार्च को शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का विस्तार करने की मांग की गई थी। अब इस मामले में एडीआर ने एसबीआई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर कर दी है।

एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर कर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस अर्जी को चुनौती दी जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग की गई है। एडीआर ने चुनावी बॉन्ड मामले में भारतीय स्टेट बैंक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने एनजीओ का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील प्रशांत भूषण से ई-मेल भेजने को कहा और 11 मार्च को अवमानना याचिका सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की इस दलील पर गौर किया कि वह मामले में अवमानना की कार्यवाही शुरू करना चाहते हैं। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका को 11 मार्च को सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है और अवमानना आवेदन पर भी एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। सीजेआई ने कहा, कृपया एक ईमेल भेजें। मैं आदेश पारित करूंगा। एसबीआई ने 4 मार्च को शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का विस्तार करने की मांग की गई।

शीर्ष अदालत ने पिछले महीने अपने फैसले में एसबीआई को छह मार्च तक चुनाव आयोग को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। एडीआर के अधिवक्ता ने कहा, ₹एसबीआई ने जानबूझकर इस माननीय न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा पारित फैसले की अवज्ञा की है, और यह न केवल नागरिकों के सूचना के अधिकार को नकारता है, बल्कि इस माननीय न्यायालय के अधिकार को भी कमजोर करता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# क्या देवदत्त का होगा डेब्यू ? सिराज का कट सकता है पत्ता



**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल सीरीज में 3-1 से आगे चल रही है। अब रोहित शर्मा एंड कंपनी की नजर धर्मशाला टेस्ट पर है। इस मुकाबले में देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिल सकता है। उन्हें रजत पाटीदार की जगह प्लेइंग 11 का हिस्सा बनाया जा सकता है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। उन्हें चौथे टेस्ट में आराम दिया गया था।

### पांचवें टेस्ट में कटेगा सिराज का पत्ता !

इस मुकाबले में भारत के गेंदबाजी आक्रमण में अहम बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल, चौथे टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा ने बुमराह की जह आकाश दीप को मौका दिया। डेब्यू टेस्ट में उन्होंने तीन विकेट हासिल कर प्रभावित किया। वहीं, मोहम्मद सिराज को सिर्फ दो विकेट मिले। दूसरी पारी में उनके हाथ कोई सफलता नहीं लगी। इस सीरीज में सिराज ने तीन मैच खेले। राजकोट टेस्ट में उन्हें चार और रांची में दो विकेट मिले। ऐसे में तेज गेंदबाज को धर्मशाला टेस्ट में बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। ऐसे में भारत दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है।

### इंग्लैंड के लिए मुसीबत बना टॉप ऑर्डर

इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले गए चार मैचों में टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर ने दमदार प्रदर्शन किया है। भारत के लिए पारी की शुरूआत करने वाले यशस्वी जायवाल अब तक इस सीरीज में सर्वाधिक 655 रन बना चुके हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा भी 297 रन बना चुके हैं। राजकोट टेस्ट के दौरान हिटमैन ने शानदार शतक जड़ा था। इस मामले में शुभमन गिल और सरफराज खान भी पीछे नहीं हैं। दोनों ने पिछली पारियों में अपने प्रदर्शन से भारत को मुसीबत से निकालने में अहम भूमिका निभाई है। पाटीदार को नहीं मिलेगा मौका इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने जा रहा यह मैच बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल के लिए खास हो सकता है। उन्हें आउट ऑफ फॉर्म चल रहे पाटीदार की जगह खेलने का मौका मिल सकता है। दरअसल, रजत ने विशाखापत्तनम टेस्ट के दौरान डेब्यू किया था। पहली पारी में वह 32 और दूसरी पारी में नौ रन बनाकर आउट हो गए थे। उसके बाद उन्हें राजकोट में फिर से मौका दिया गया, लेकिन वह एक बार फिर फेल हो गए। वह पहली पारी में पांच रन ही बना पाए थे। दूसरी पारी में तो खाता भी नहीं खोल पाए। ऐसे में छह पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाने वाले रजत को बाहर बैठना पड़ सकता है।

### पडिक्कल करेंगे डेब्यू ?

बात करें कर्नाटक के बल्लेबाज की तो वह इस वक्त फॉर्म में हैं। 31 प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 44.54 की औसत से 2227 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने छह शतक और 12 अर्धशतक लगाए हैं। पडिक्कल ने अपनी पिछली 11 पारियों में पांच शतक लगाए हैं। उन्होंने तीन शतक कर्नाटक के लिए और दो भारत-ए के लिए लगाए हैं। उनके शानदार फॉर्म को देखकर रोहित शर्मा रांची टेस्ट में रजत पाटीदार की जगह उन्हें मौका दे सकते हैं। इस मुकाबले में ध्रुव जुरेल बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेलते नजर आएंगे। रांची में खेले गए चौथे मुकाबले में उन्होंने 90 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को पहली पारी में इंग्लैंड के 353 रन के स्कोर का पीछा करने में मदद की थी।

### अश्विन खेलेंगे 100वां टेस्ट

भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अपने करियर का 100वां टेस्ट खेलेंगे। ऐसा करने वाले वह 14वें भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। भारत इस मुकाबले में तीन स्पिनर्स के साथ उतरेगा। कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दोनों ने इस सीरीज में क्रमशः 12 और 17 विकेट लिए हैं। वहीं, अश्विन ने चार मैचों की आठ पारियों में 18 विकेट चटकाए हैं।

# शुभमन गिल का हैरतअंगेज कारनामा, पीछे मुड़े और 25 फीट दौड़ लगाने के बाद लपका शानदार कैच




**धर्मशाला।** धर्मशाला में टीम इंडिया टॉस गंवा कर पहले गेंदबाजी करने उतरी। वहीं पहली विकेट लिए भारतीय को 18 ओवर का इंतजार करना पड़ा। पहले दिन के पहले सेशन के पहले घंटे में कोई विकेट नहीं गिरा, लेकिन ड्रिंक्स ब्रेक के बाद भारत को पहली सफलता कुलदीप यादव ने दिलाई, लेकिन इसमें ज्यादा योगदान शुभमन गिल का कहा जाएगा, क्योंकि उन्होंने एक असंभव का कैच बड़ी आसानी से पकड़ लिया। दरअसल, 18वें ओवर की आखिरी गेंद को बेन डकेट ने कवर के ऊपर से मारने की कोशिश की। हालांकि, कुलदीप यादव की घूमती गेंद बल्ले पर अच्छे से आई नहीं और हवा में चली गई। शुभमन गिल डकेट के काफी करीब कवर की दिशा में फील्डिंग कर रहे थे। उन्होंने जैसे ही देखा कि गेंद हवा में तो उन्होंने पीछे मुड़कर करीब 25 फीट दौड़ लगाई और कैच को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिल के इस कैच की तारीफ कमेंट्री करते हुए टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी की। उन्होंने भी बताया कि वे पीछे करीब 20 से 25 फीट तक दौड़े और फिर कैच पकड़ा। आगे आप इतनी दूर दौड़कर कैच पकड़ें तो संभव लगता है, लेकिन पीछे मुड़कर दौड़ना और फिर गेंद पर नजरें बनाए रखना आसान नहीं होता। कई बार तो गेंद आपसे दूर भी चली जाती है और आप गेंद के नीचे सही से नहीं आते। हालांकि, शुभमन गिल ने ऐसा कुछ होने नहीं दिया। वहीं गिल इसी शानदार कैच की बदौलत भारत को पहली सफलता मिली और बेन डकेट 58 गेंदों में 27 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौट गए। हालांकि, दिन के पहले सेशन का खेल पूरी तरह से इंग्लैंड के नाम जाता दिख रहा था, लेकिन लंच से ठीक पहले कुलदीप यादव ने इंग्लैंड को एक और झटका दिया। इस तरह इंग्लैंड ने 100 रन जरूर बनाए, लेकिन पहले सेशन के 25.3 ओवरों में 2 विकेट भी खोए।

# सचिन से लेकर लक्ष्मण-कुंबले तक, क्रिकेट जगत ने इस तरह दी अश्विन-बेयरस्टो को 100वें टेस्ट की बधाई





**धर्मशाला।** धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम के सुंदर नजारों के बीच रविचंद्रन अश्विन और जॉनी बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल कीं। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां मुकाबला इन दोनों खिलाड़ियों के लिए बेहद खास है। भारतीय टीम पहले से ही इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है और इस टेस्ट का कोई खास महत्व सीरीज के नजरिए से न हो, लेकिन अश्विन और बेयरस्टो की व्यक्तिगत यात्रा के लिए यह मैच बहुत महत्व रखता है। सोशल मीडिया पर भी इन दोनों को काफी बधाई संदेश मिल रहे हैं। सचिन तेंदुलकर से लेकर वीवीएस लक्ष्मण और अनिल कुंबले तक ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी है। रविचंद्रन अश्विन का रिकॉर्ड भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य गेंदबाज अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट से पहले तक 99 टेस्ट में 507 विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा वनडे और टी20 में भी उन्होंने अच्छा योगदान दिया है। उनके टेस्ट आंकड़े 23.91 के प्रभावशाली औसत का दावा करते हैं, जिसमें 35 फाइव विकेट हॉल और आठ 10 विकेट हॉल शामिल हैं। अश्विन हाल ही में कुंबले को पीछे छोड़ते हुए घरेलू जमीन पर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। जॉनी बेयरस्टो का रिकॉर्ड बेयरस्टो टेस्ट में 100वीं इंग्लिश कैप पाने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बन गए हैं। धर्मशाला टेस्ट से पहले बेयरस्टो ने 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के बैजबॉल में बेयरस्टो का योगदान अहम रहा है। उन्होंने इस दौरान छह शतक जड़े हैं। बैजबॉल टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट खेलने के तरीके को कहा जाता है। क्रिकेट जगत ने दोनों को बधाई दी जैसे ही अश्विन और बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल की, महान सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट के कई दिग्गजों ने हार्दिक शुभकामनाएं भेजी हैं। 200 टेस्ट मैच खेलने वाले तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर दोनों के लिए एक खास पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- धर्मशाला में यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि अश्विन और बेयरस्टो 100वीं बार टेस्ट की जर्सी पहन रहे हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है जो रेड बॉल के क्रिकेट के लिए उनके जुनून और दृढ़ता के बारे में बताती है। मैं आशा करता हूं कि दोनों के लिए यह मैच शानदार रहे। वहीं, अनिल कुंबले ने लिखा- अश्विन आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। भारत के लिए ऐसे ही मैच जीतते रहें। आप एक चैंपियन खिलाड़ी हैं और अभी कई और उपलब्धियां बाकी हैं। बेयरस्टो को भी 100 टेस्ट के लिए बधाई। यह एक शानदार उपलब्धि है। ऐसे ही अच्छा करते हैं। इसके अलावा प्रज्ञान ओझा, वीवीएस लक्ष्मण, साइमन डडली, वसीम जाफर, वेंकटेश प्रसाद, एस बद्रीनाथ ने भी शुभकानाएं दी हैं।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय 300 किमी की खाटू श्याम यात्रा को पैदल रवाना






**साहिबाबाद (करंट क्राइम )।** बाबा श्याम के प्रति गहरी आस्था को लेकर दो भक्त पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय व बूथ अध्यक्ष राहुल परिहार झंडापुर के सिद्धि बलि मंदिर से चलकर 300 किलोमीटर पैदल सफर पर खाटूधाम जाने के लिए निकल पड़े हैं। उनकी यह पैदल यात्रा 7 मार्च से शुरू होकर 8 दिन में बाबा श्याम के दरबार में पहुंचेगी। श्री श्याम दीवाने भूपेंद्र उपाध्याय की मानें तो वह प्रतिदिन 40 से 45 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर रहे हैं और 8 दिन बाद 16 मार्च को बाबा श्याम के दरबार में माथा टेकेंगे। 15 मार्च को झंडापुर से एक बस भी जा रही है जिसमें जाकर एक साथ बाबा के दर्शन करेंगे। भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को झंडापुर से बाबा के दरबार में पैदल जाने की श्यामप्रेमियों की प्रेरणा से वह वर्षों से बाबा श्याम के दर्शन करने बस द्वारा आते थे इस बार पैदल यात्रा की शुरूआत की है। अब मन में यही विश्वास है कि बाबा श्याम अपने सभी भक्तों के सपने पूरे करेंगे। झंडापुर से चलने के बाद दिल्ली तक की दूरी गुरुवार की रात को तय की जाएगी। इस दौरान मार्ग में बाबा श्याम के भजन सुनते आगे बढ़ रहे हैं।

# केएल राहुल ने एनसीए में अभ्यास की तस्वीरें साझा कर आईपीएल से वापसी का संकेत दिया

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने लंदन में चोट संबंधी परामर्श लेने के बाद बुधवार को बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपने प्रशिक्षण की तस्वीरें साझा कर आगामी आईपीएल में अपनी वापसी का संकेत दिया। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने वाले राहुल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाय कैप्शन के साथ अपने अभ्यास की तस्वीरें साझा कीं।

आईपीएल का अगला सत्र 22 मार्च से शुरू हो रहा है। लखनऊ की टीम 24 मार्च को जयपुर में दोपहर के मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। राहुल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका निभाने के प्रबल दावेदार है।

# आईपीएल के लिए मुंबई इंडियंस ने लॉन्च की नईनजर्सी




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 17वें सीजन के लिए नई जर्सी लॉन्च की है। ये जर्सी फेमस डिजाइनर मोनिशा जयसिंग द्वारा डिजाइन की है। मुंबई इंडियंस ने अब घोषणा की है कि स्केचर्स आईपीएल 2024 से पहले उनकी जर्सी का स्पांसर केरंगे। वहीं बता दें कि, पहले एडिडास मुंबई इंडियंस के लिए जर्सी बनाता था। जर्सी की रंग योजना पहले जैसी ही होगी यानी मुख्य रूप से सुनहरे लहजे के साथ नीला रंग। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर घोषणा के संबंध में एक वीडियो जारी किया। जिसमें दिखाया गया है कि आईपीएल 2024 के लिए जर्सी कैसी दिखेगी। जर्सी लॉन्च पर बोलते हुए, मुंबई इंडियंस के प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि हमारे खिलाड़ी प्रतिष्ठित नीले और सुनहरे रंग की जर्सी पहनते हैं वे अपने साथ हमारे एमआई पलटन की आशाओं और सपनों को लेकर चलते हैं। ये जर्सी 'मुंबई मेरी जान' की भावना से प्रेरित है। जर्सी के लॉन्च के साथ, एमआई ने सभी आयु समूहों के फैंस के लिए कई स्तरों पर अपने सदस्यता पैकेज लॉन्च किए हैं। सदस्यता की गोल्ड की कीमत 2199 रुपये, सिल्वर के लिए 699 और जूनियर पैकेज के लए 699 रुपये है।

# आईपीएल में आखिरी बार दिखेगा आरसीबी का यह दिग्गज ? अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास पर भी ले सकते हैं फैसला



**मुंबई।** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग में अपने आखिरी सीजन के लिए कमर कस रहे हैं। यह अनुभवी खिलाड़ी आगामी सत्र के अंत के बाद संन्यास ले ले सकता है। आईपीएल की शुरूआत 22 मार्च से होने जा रही है और आरसीबी की टीम पहले दिन ही डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। आईपीएल के बाद ही कार्तिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने पर फैसला कर सकते हैं। 38 वर्षीय कार्तिक ने 2008 से लेकर अब तक आईपीएल के सभी 16 संस्करणों में हिस्सा लिया है और पिछले 16 सीजन में सिर्फ दो मैच नहीं खेले हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'यह 2024 संस्करण उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी आईपीएल होगा। वह आईपीएल के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।' आईपीएल में सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक, कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब में जाने से पहले कार्तिक ने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) के साथ आईपीएल करियर की शुरूआत की थी। 2014 में दिल्ली वापस जाने से पहले उन्होंने 12.5 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर मुंबई इंडियंस के साथ दो सीजन (2012, 2013) बिताए। रॉयल चैलेंजर्स ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ रुपये में साइन किया था और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ चार सीजन (2018 से 2021) बिताने से पहले उन्होंने 2016 और 2017 में गुजरात लायंस के लिए खेला था। कार्तिक ने 2018 में कोलकाता को आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाया और 2019 में उनके नेतृत्व में केकेआर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही थी। आईपीएल 2022 से पहले, कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें दूसरी बार 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुख्य रूप से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए उन्होंने आरसीबी के लिए 2022 में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें टीम इंडिया से भी बुलावा आया था और वह टी20 विश्व कप 2022 में खेले थे। हालांकि, यह टूनार्मेंट उनके लिए भारत की जर्सी में आखिरी टूनार्मेंट साबित हुआ। कार्तिक ने आईपीएल 2022 में 16 मैचों में 55 की औसत और 183.33 की विस्फोटक स्ट्राइक-रेट से 330 रन बनाए थे। इसकी वजह से बैंगलोर की टीम प्लेऑफ में भी पहुंची थी। इसके बाद कार्तिक को ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई थी, लेकिन उस टूनार्मेंट में वह उम्मीद के मुताबिक चमक नहीं बिखेर सके थे, क्योंकि रोहित शर्मा की टीम चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद सेमीफाइनल से बाहर हो गई थी। इसके बाद कार्तिक ने कमेंट्री में चमक बिखेरी। वह कई बड़े टूनार्मेंट्स में कमेंट्री कर चुके हैं। इनमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 फाइनल और 2023 फाइनल शामिल है। इसके अलावा वनडे विश्व कप 2023 में भी वह कमेंट्री पैनल का हिस्सा रहे। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय करियर में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, उनका करियर एक विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में एमएस धोनी के साथ टकराव में रहा। 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू के बाद उन्होंने 26 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 1025 रन बनाए हैं और 57 कैच और छह स्टंप किए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट 2018 में खेला था। वनडे में उन्होंने 2004 और 2019 के बीच 94 मैचों में 1752 रन बनाए और 64 कैच और सात स्टंपिंग करने में सफल रहे। 2006 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने के बाद कार्तिक का भारत के लिए आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ था। उन्होंने 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 686 रन बनाए और 30 कैच और आठ स्टंप किए। कार्तिक ने 242 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें 25.81 की औसत और 132.71 के स्ट्राइक रेट से 20 अर्धशतकों के साथ 4516 रन बनाए हैं। उन्होंने 141 कैच और 36 स्टंपिंग की है। उन्होंने हाल ही में नवी मुंबई में डीवाई पाटिल टी20 कप में हिस्सा लिया था। वह अपने आखिरी आईपीएल में रन बनाने का कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। आरसीबी की टीम से उनके सभी मैच खेलने की संभावना है। कार्तिक भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में भी कमेंट्री कर रहे हैं।

# धर्मशाला में कुलदीप यादव का चला जादू, टेस्ट क्रिकेट में पूरा किया विकेटों का पचासा



**धर्मशाला।** कुलदीप यादव ने धर्मशाला में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजों को पस्त कर दिया। पांचवें टेस्ट मैच में उन्होंने पंजा खोला। इसके साथ ही उन्होंने अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड भी दर्ज किया। वे टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

टेस्ट क्रिकेट में अपना चौथा फाइव विकेट हॉल प्राप्ट करने से पहले वे टेस्ट क्रिकेट में विकेटों का अर्धशतक भी पूरा करने में सफल हुए थे। उन्होंने चौथे विकेट के साथ 50वां विकेट टेस्ट करियर में पूरा किया।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने जैसे ही 100वां टेस्ट मैच खेल रहे जॉनी बेयरस्टो को विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल के हाथों कैच आउट कराया। वैसे ही वे 50 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज की लिस्ट में शामिल हो गए। उन्होंने 1871वीं गेंद पर 50वां विकेट निकाला। इसी के साथ वे सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय बने, क्योंकि उनसे पहले स्पिनर अक्षर पटेल ने 2205 गेंदों में और पेसर जसप्रीत बुमराह ने 2465 गेंदों में टेस्ट क्रिकेट में 50 सफलताएं अपने नाम की थीं।

इनता ही नहीं, कुलदीप यादव पिछले 100 साल में सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। वे तीनों फॉर्मेट में 50 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले भारत के पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार ने ये कमाल भारत के लिए किया है।

# पहले दिन का खेल खत्म

**धर्मशाला।** भारत ने अपनी पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 135 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 218 रन बनाए थे। इस हिसाब से भारत अभी भी इंग्लैंड से 83 रन पीछे है। कप्तान रोहित शर्मा 52 रन और शुभमन गिल 26 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच 31 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारतीय टीम को एकमात्र झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। वह 58 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोएब बशीर ने विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों स्टंप कराया। इससे पहले इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन पर सिमट गई थी। कुलदीप यादव ने पांच विकेट झटके। वहीं, 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने चार विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए। इसके अलावा रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला। यानी इंग्लैंड के सभी 10 विकेट भारतीय स्पिनर्स ने लिए। रोहित शर्मा ने 77 गेंद में टेस्ट करियर का 18वां अर्धशतक पूरा किया। उनके साथ शुभमन गिल बल्लेबाजी कर रहे हैं। भारत का स्कोर एक विकेट पर 122 रन है। यशस्वी 57 रन बनाकर शोएब बशीर का शिकार बने। भारत अभी भी इंग्लैंड से 96 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल अर्धशतक लगाकर आउट हो गए। उन्होंने 58 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का चौथा अर्धशतक रहा। इस पारी में ही यशस्वी ने कई रिकॉर्ड बनाए और कई तोड़ दिए। यशस्वी को बशीर ने विकेटकीपर फोक्स के हाथों स्टंप कराया। फिलहाल शुभमन गिल और रोहित शर्मा क्रीज पर हैं। भारत का स्कोर एक विकेट पर 104 रन है। भारत ने बिना विकेट गंवाए 22 रन बना लिए हैं। फिलहाल रोहित शर्मा 20 रन और यशस्वी जायसवाल चार रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 218 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन पर सिमट गई। कुलदीप यादव ने पांच विकेट झटके। वहीं, 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने चार विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए।

# ओली पोप के आउट होने में ध्रुव जुरेल का बड़ा योगदान, एमएस धोनी से हो रही तुलना




**धर्मशाला।** धर्मशाला में भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन लंच ब्रेक से ठीक पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप कुलदीप यादव की गेंद पर स्टंप आउट हो गए। ओली पोप जिस तरह से आउट हुए, उसको लेकर उनकी जमकर ट्रोलिंग हो रही है। दरअसल, ओली पोप क्रीज से काफी ज्यादा आगे निकल गए थे और ध्रुव जुरेल ने उन्हें आसानी से स्टंप आउट कर दिया। ओली पोप 24 गेंद पर 11 रन बनाकर आउट हुए और इस तरह से इंग्लैंड ने 100 रनों पर अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। लंच ब्रेक से पहले दोनों विकेट कुलदीप यादव के ही खाते में गए।

दरअसल, जिस गेंद पर पोप आउट हुए, उससे ठीक पहले विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कहा था आगे बढ़ेगा, आगे बढ़ेगा और अगली गेंद पर कुछ ऐसा ही हुआ। इस तरह से इंग्लैंड ने अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। पोप जिस तरह क्रीज से काफी आगे निकल गए थे, उसको लेकर उनका मजाक उड़ना भी लाजमी है। किसी ने कहा कि उन्हें लंच की जल्दी थी, तो किसी ने कहा कि उनको मनाली जाने का मन है। वहीं भारत ने पांच मैचों की सीरीज में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त बना चुका है। वहीं इंग्लैंड लाज बचाने के लिए हर हाल में ये मैच जीतना चाहेगा। इंग्लैंड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत की ओर से प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए गए हैं। रजत पाटीदार फिट नहीं हैं और उनकी जगह देवदत्त पड्डीकल को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है, जबकि जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था और उनकी वापसी के बाद आकाशदीप को प्लेइंग 11 से ड्रॉप किया गया है।

# निगम निर्मित उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवनों का नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक ने किया निरीक्षण





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन को पूर्णतः व्यवस्थित तथा आकर्षक बनाया गया है। निगम अधिकारियों ने बताया कि मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण हुआ है, शीघ्र ही अंतिम चरण में चल रहे कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का निरीक्षण किया गया तथा चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर संबंधित फर्म के ठेकेदार तथा निर्माण विभाग की टीम भी उपस्थित रही। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है उत्तरांचल भवन 745.50 वर्गमीटर में बनाया गया ह। लगभग 2 करोड़ 90 लाख की लागत से तैयार भवन में 1 हाल, 1 डाइनिंग लंच, 1 किचन एरिया, महिला तथा पुरुष की अलग-अलग टॉयलेट, 2 कमरे अतिथियों के लिए, चार अन्य कमरे तथा 1 स्टोर रूम बनाया गया है। उत्तरांचल भवन बहुत ही आकर्षक तथा लुभावना बना है और पूर्णतः व्यवस्थित भी बनाया गया है। इसी प्रकार पूर्वांचल भवन जो कि लगभग 2 करोड़ 93 लाख की लागत से बना है, जिसका ग्राउंड फ्लोर क्षेत्रफल लगभग 615 वर्गमीटर है। इस भवन में भी 1 हाल, 1 किचन, 1 एंट्रेंस लॉबी, महिला तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग टॉयलेट, 1 अतिथियों का रूम तथा 1 कांफ्रेंस हॉल तथा चार कमरे अलग से बनाए गए हैं, पूर्वांचल भवन भी पूर्णतः व्यवस्थित तथा आकर्षक बना है फिनिशिंग का कार्य चल रहा है।

### दोंनो भवनों से लाभान्वित होंगे शहरवासी

**करंट क्रइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहरवासियों के लिए निगम द्वारा बनाए गए उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन लाभान्वित सिद्ध होंगे नगर आयुक्त द्वारा दोनों भवनों के आसपास तथा बाहरी क्षेत्रफल को भी व्यवस्थित और सुंदर बनाने की निर्देश अधिकारियों को दिए गये हैं।



## वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मोंगा को महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने दीं शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व महानगर अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मोंगा के जन्मदिन पर महानगर कोषाध्यक्ष और समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने उनके निवास पर जाकर उन्हें बुके देकर शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## राजनगर एक्सटेंशन के आशियाना पाम कोर्ट क्लब हाउस में हुआ कार्यक्रम

### कर्तव्य निष्ठा से सामाजिक बोध एवं सामाजिक चेतना जागृत होती है: उदिता त्यागी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित आशियाना पाम कोर्ट क्लब हाउस में आयोजित महाशिवरात्रि तथा नारी सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर शिक्षिका, समाजसेवी, मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड 2011 की विश्व विजेता तथा सी एस दिशा फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा उदिता त्यागी ने कहा कि आंतरिक शक्ति को जागृत किए बिना सामाजिक चेतना व सामाजिक बोध जागृत नहीं हो सकता। स्वयं को स्वीकार करना, किसी भी परिस्थिति में हार न मानना तथा प्रसन्नचित्त रहना यह तीन बातें सदा स्मृति में रखनी चाहिए।

डेरावाल नगर, दिल्ली से पधारीं राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी लता ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, कालचक्र में अभी यह महा परिवर्तन की बेला है। स्वयंभू ज्योति स्वरूप, परम पिता, परमात्मा शिव जो सत्य हैं, अविनाशी हैं, अजन्मा हैं, सर्व गुणों में परिपूर्ण हैं, अनन्त हैं, उनकी तुलना किसी से नहीं कर सकते।दिल्ली से पधारी एम्स की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. उषा किरण ने अपने 55 वर्षों के ब्रह्माकुमारीज के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान को अपनाने तथा राजयोग से होने वाले परिवर्तन से किसी भी परिस्थिति को चुनौती रूप से स्वीकार कर विजयी बनना, एकाग्रता तथा याददाश्त को बढ़ाना एवं आत्म सम्मान पैदा करना सहज हो जाता है। ब्रह्माकुमारीज में प्राप्त आध्यात्मिक ज्ञान हमारे में आंतरिक परिवर्तन लाता है। स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका, ब्रह्माकुमारी लवली ने राजयोग की गुह्यता को स्पष्ट शब्दों में बताते हुए सरलता से अनुभूति कराई।

उन्होंने कहा कि राजयोग का निरंतर अभ्यास हमारे जीवन में शांति, शक्ति, स्थिरता, प्रेम, आनंद की भरपूरता लाता है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान जीवन में शालीनता, सहजता, निर्भयता, सत्यता एवं कर्मठता लाता है। मैंने पाया कि राजयोग का थोड़ा भी अभ्यास मन के विचारों को सकारात्मकता, बुद्धि को दिव्यता तथा संस्कारों को शुद्धता देता है। बी के रमेश भाई ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। बी के विजय भाई ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर 400 से अधिक श्रोताओं ने कार्यक्रम का लाभ लिया। दिल्ली से इन्सपिरेशन डान्स स्टूडियो के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

## बार एसोसिएशन ने राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर किया अजय वीर सिंह का अभिनंदन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन के सदस्य चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट को राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किये जाने पर बार एसोसिएशन सभागार में बार के पदाधिकारियों ने स्वागत किया । इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से लेकर मन्त्री तक गाज़ियाबाद बार एसोसिएशन ने दिये हैं । देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह गाज़ियाबाद बार एसोसिएशन के सदस्य रहे थे । कई मन्त्री व विधायक आज भी हमारी बार एसोसिएशन के सदस्य हैं । अजय वीर सिंह एडवोकेट रालोद पार्टी की राजनीति करते हैं । पार्टी ने इन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका दी है । बार के सचिव स्नेह त्यागी ने कहा कि अजय वीर सिंह बहुत मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति है वो इस ज़िम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभायेंगे।

रालोद के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस बार एसोसिएशन के सदस्य हैं जिस बार एसोसिएशन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री से लेकर कई मन्त्री व विधायक दिए हैं । इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली, सचिव स्नेह त्यागी, सह सचिव चंचल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनिल पंडित, अनीश चौधरी, पूर्व ज़िला शासकीय अधिवक्ता रणवीर सिंह डागर, पूर्व ज़िला शासकीय अधिवक्ता सत्यकेतु, हामिद अली , नितिन चंदेला, मोनीष चौधरी, जितेंद्र त्यागी आदि सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे ।

## सिल्वर बेल स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में अयांश गुप्ता रहे तीसरे स्थान पर





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी रुचि लेना अनिवार्य है,यह बच्चे आने वाले कल कि भारत का भविष्य हैं।

लोकप्रिय स्कूल सिल्वर बेल में आयोजित नर्सरी क्लास के बच्चों में हुई खेलकूद प्रतियोगिता में मास्टर अयांश ने तीसरे स्थान पर आकर स्कूल का नाम रोशन किया। अयांश प्रमुख समाजसेवी और उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय गुप्ता के पौत्र हैं। अजय गुप्ता ने अयांश की सफलता पर स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा मिठा और क्लास टीचर पिंकी को शुभकामनाएं दी हैं।

## एहसास महिला समिति द्वारा सुरक्षा शिविर का आयोजन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एहसास महिला समिति द्वारा महिला सुरक्षा एवं उनके अधिकार से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन गोविन्दपुरी स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय में किया गया, जिसमें महिला कल्याण विभाग की अधिकारियो नें भी शिरक्त की। संस्था की संस्थापक अनुप्रीत कौर ने बताया कि इस कार्यशाला में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति विस्तार से जानकारी देकर उनमे आत्म विश्वास जगानें का प्रयास किया गया। जिसके लिए गाजियाबाद जनपद के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर को आमंत्रित करा गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्रीय अधिकारी दीपाली देवी, महिला संबधी केस की वर्कर गुन्जन मौर्या व सब इंस्पेक्टर शशि बाला ने उपस्थित महिलाओं को उनके समस्त कानूनी अधिकारों से अवगत कराया।

## युवती से पर्स छीनकर फरार हुआ बदमाश

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर एचएलएम कॉलेज के सामने ऑटो में डयूटी जा रही युवती का बाइक सवार युवक पर्स छीनकर ले गया। शोर मचाने पर लोगों ने बाइक सवार का काफी दूर तक पीछा भी किया ,लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की त्यागी कॉलोनी निवासी अंजली शर्मा परिवार सहित रहती है। वह गाजियाबाद एक कंपनी में नौकरी करती है। सुबह वह ऑटो में बैठकर डयूटी जा रही थी। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर एचएलएम कॉलेज से आगे पहुंची तो वह ऑटो में खिड़की के पास बैठी थी। इसी बीच बाइक सवार एक युवक आया और युवती के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स छीनने पर युवती ने शोर मचा दिया। आसपास के लोगों ने बाइक सवार का काफी दूर तक पीछा भी किया ,लेकिन वह फरार होने में कामयाब रहा। अंजली शर्मा ने बताया कि पर्स में पांच हजार रुपए की नकदी ,मोबाइल ,एटीएम कार्ड व अन्य सामान मौजूद था। पीड़िता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।




## क्या अभी और आएगी टू-स्टारों के लिए खुशखबरी




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को लेकर इन दिनों एक चर्चा सुनाई दे रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में चुनावी आचार संहिता से पहले कुछ टू-स्टारों के लिए खुशखबरी मिल सकती है। सुनने में आया है की खास ऑफिस में भी किसी को एडजस्ट किया जा सकता है। तो वहीं कुछ चौकियों के प्रभारी और खास कार्यालय में भी उनके लिए स्थान बन सकता है। वैसे भी इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में टू-स्टारों और 2015 बैच वालों का अधिक नाम चल रहा है। थानों की कमान से लेकर चौकियों तक की जिम्मेदारी अधिकतर उन्हीं के पास है। तो वहीं कई मामलों में वह खुद को प्रूफ भी कर रहे हैं। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि जिले में एक नए पीआरओ की तलाश हो रही है। वैसे वहां पर अभी दो टू-स्टार काम को सीखने और अंजाम दनें का काम कर रहे हैं पर अभी किसी को तय नहीं माना जा रहा है। इन सबके बीच कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के कई आईपीएस अधिकारियों के पास आजकल पोस्टिंग वाली सिफारिशें भी आने की जानकारी मिल रही है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई टू-स्टारों को उम्मीद है भले उनको पहले चांस नहीं मिला हो पर क्या पता अंतिम मौके में भला हो ही जाए। वहीं टू-स्टार को अगर एक बार फिर खास कार्यालय में जोड़ा जाता है तो यकीन मानिये वो बैच 2015 भी हो सकता है। वैसे बताया जा रहा है कि फिर किसी पंडित जी पर ही कृपा वाला सीन बन सकता है। अब देखना होगा कि वह कौन है और किस पर कृपा होती है यह देखना बाकी है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि चुनावी आचार संहिता से पहले किस जोन और किस सर्किल के लिए किस टू-स्टार का चयन किया जाता है इसपर भी की नजरें रहने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट में अभी एक तबादले वाली लिस्ट आने के बाद कुछ टविस्ट् वाला सीन भी देखने को मिल सकता है। अब देखना होगा कि लिस्ट केवल लोकल वाले स्त्र पर ही आती है या अंतिम समय पर कई स्तर के अधिकारियों की इसकी रवानी भी देखने को मिलेगी। वैसे बताया जा रहा है कि कई चेहरे यहां से प्रस्थान का मूड भी बनाए बैठे हुए हैं।

## रालोद ने ओलावृष्टि के चलते मुआवजे की मांग की

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गतदिनों कई ग्रामीण क्षेत्रों में हुई भारी ओलावृष्टि के मद्देनजर किसानों की फसल चैपट हो जाने से हुये भारी नुकसान की भरपाई के लियें रालोद नेताओं ने उपजिलाधिकारी को सौपे ज्ञापन में मुआवजा दिलायें जाने के साथ ही शुगर मिल से शीघ्र गन्ने का भुगतान करायें जाने की मांग रखी।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रोफेशनल मंच के जिलाध्यक्ष चैधरी अरुण दहिया के नेतृत्व में दर्जनों रालोद कार्यकर्ता तहसील पंहुच एसडीएम पूजा गुप्ता से मिले ओर उन्हें संबोधिक ज्ञापन सौपते हुये किसानों के हितार्थ शासन की योजना के अनुसार उचित मुआवजा दिलायें जाने की मांग की। ज्ञापन में मोदी शुगर मिल पर जो गन्ना किसानों का बकाया है वह तुरंत दिलाने की उचित व्यवस्था करने की बात भी दोहराई। सत्येंद्र तोमर, रामभरोसे लाल मौर्य, देवेंद्र गोरिल्ला, रामकुमार, धीरज, आशीष, नरेश, दीपक, प्रवीण, धारा आदि मौजूद रहें।

## युवक के खाते से निकाले 90 हजार रुपए , रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर करंट क्रइम।** नगर क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैतली निवासी एक युवक के खाते में पैसे डालने का झांसा देकर 90 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बसंतपुर सैतली स्थित राधु टायर फैक्टरी कॉलोनी निवासी विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मेरे पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया।

फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि गलती से आपके खाते में मैने पैसे डाल दिए है। उसने कहा कि एक मैसेज भेज रहा है ,उसे देख लेना। विजय कुमार सिन्हा द्वारा मैसेज देखते ही उनके खाते से 90 हजार रुपए कट गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर दी है। इसके अलावा शीतलपुरी कॉलोनी निवासी एक युवती आंकाक्षा को फोन करके उनके पिता नाम व मोबाइल बताकर एक बैंक खाते में पैसे डालने को कहा। इसके बाद युवती ने 34 हजार रुपए उक्त युवक के खाते में डाल दिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कर्मठ होते हुए भी उपेक्षित रहीं महिलाओं को एक्टिव ग्रीन संस्था ने किया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला दिवस के अवसर पर नंदग्राम में रहने वाली ऐसी महिलाएं जिन्होंने अपने जीवन की विपरीत स्थितियों में भी हार नही मानी और अपने दम पर परिवार व समाज के लिए बहुत कुछ अच्छा किया उन्हें एक्टिव ग्रीन संस्था द्वारा शॉल व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

संस्था की अध्यक्ष निधि विश्वकर्मा ने कहा कि समाज की विशिष्ट महिलाओं को तो सभी सम्मानित करते हैं पर जीवन के युद्ध में जीतने वाली इन वीरांगनाओं तक जो कि बस्तियों में तो रहती हैं लेकिन उन्हें कोई जानता ही नहीं। उन्होंने कहा कि जिन तक कोई नही पहुंचता ऐसी महिलाओं को संस्था द्वारा ढूंढकर प्रोत्साहित कर सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं की समाज में भागीदारी व आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दों पर चर्चा भी की गई।कार्यक्रम में सेवा भारती विवेकानंद विद्यालय के द्वारा महिलाओं को स्वच्छता किट व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा भसीन ने महिलाओं को सक्षम बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मानवता फाउंडेशन ने भी योगदान दिया। कार्यक्रम में सीमा भसीन,निधि विश्वकर्मा, शालू पांडे, अरुणा त्यागी,ज्योति,अर्चना,अंजू, नीतम व अन्य महिलाए उपस्थित रहीं।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया बंगाल सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली स्थित पश्चिम बंगाल भवन पर बंगाल सरकार के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रामजस कॉलेज नार्थ केंपस दिल्ली के उपाध्यक्ष युग छावड़ा के नेतृत्व में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्यार्थी परिषद द्वारा दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की माँग की गई।

## हापुड़ में महिला दिवस पर कार्यक्रम, लघु नाटिका से बताया नारी का महत्व



**हापुड़।** संप्रति आधी आबादी की कार्यप्रणाली वैश्विक परिवर्तन की क्षमता रखती है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीजे छाया शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्राचार्या आर.एस.एस. महाविद्यालय, पिलखुआ प्रो. प्रेमलता, बीएसए ऋतु तोमर, प्राचार्य साधना तोमर ने वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉ. जया शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद अतिथियों के अभिनंदन में छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गीत गाया। कार्यक्रम की संचालिका प्रो. सरोजिनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ स्त्री सशक्तिकरण पर आधारित स्वरचित कविता के पाठ से किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की छात्रा कुमारी दीप्ति चौधरी ने सूर्य नमस्कार से आरंभ कर शीर्षासन आदि अनेक योगासनों की अद्भुत प्रस्तुति दी।

## शेयरमार्केट में कमाने का लालच-देकर ठगी करने वाले-गिरोह का खुलासा: सीए

### बैंककर्मी समेत 4 गिरफ्तार, 17 घटनाओं का हुआ खुलासा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की साइबर पुलिस ने शेयर मार्केट में पैसा कमाने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।जिनमें से 3 की नोएडा और एक आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तारी हुई है। इनकी गिरफ्तारी से 6 राज्यों की 17 घटनाओं का खुलासा हुआ है। इन्होंने 4 करोड़ 85 लाख की धोखाधड़ी की थी। पुलिस का कहना है कि सोशल साइट पर जब कोई शेयर मार्केट सर्च करता था तो ये उसको अप्रोच करते थे। क्राइम ब्रांच के एडीसीपी सचिनानंद राय ने बताया कि साइबर क्राइम ने एक ऐसा गिरोह को गिरफ्तार किया है। जो शेयर मार्केट में पैसा कमाने का लालच देकर लोगों को ठगा करता था। इसमें मुंबई का एक उअ और एक बैंक कर्मी भी है। पुलिस को पीयूष वर्मा नाम के एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उस से 46 लाख रुपए ठगे गए हैं। फिलहाल 15 लाख रुपए उसके रिकवर हो गए हैं। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, तीन डेस्कटॉप, 08 मोबाइल फोन 4 ढडर मशीन, 13 फर्मों की मोहर, 19 बैंकों की चेक बुक, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद हुए है।

अच्छे आईपीओ का लालच देते थे उन्होंने बताया कि जो भी सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग सर्च करते थे, उनको यह अप्रोच करते थे। उसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ने के बाद टेलीग्राम चैट किया करते थे। शेयर ट्रेडिंग के टिप्स दिया करते थे। उसके बाद यह लोग लालच दिया करते थे की अच्छे आईपीओ को यह दो लाख से भी अधिक का दिलवा देंगे। उसके बाद पीड़ित झांसे में आ जाता था फिर ये ये लोग अपने अकाउंट में यह पैसा जमा करवाते थे।

### खाता खुलवाने के लिए 15-20 हजार लेता था

गिरफ्तार लोगों में बैंक कर्मी सुरजीत पीड़ितों का खाता खुलवाता था। जिसके एवज में 15 से 20 हजार रुपए लिया करता था। साथ ही मुंबई का उअ शिवाजी विष्णु भी गिरफ्तार हुआ है। जिसका काम फर्जी कागजात तैयार करवाना था। इसके अलावा दशरथ सैनी और गणेश को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल मैन संजीव गुप्ता का अंदाज धर्म से लेकर सियासत तक अलग ही है। कथा आयोजन से पूर्व पवित्र कलश यात्रा में संजीव गुप्ता ने अपने सिर पर पावन श्री भागवत जी को धारण किया। सियासत से लेकर व्यापार तक संजीव गुप्ता अपने संस्कार के साथ हैं। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# करदाताओं की सहूलियत के लिए अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे निगम के जोनल कार्यालय

## टैक्स वसूली के लिए 8-9 और 10 मार्च को 20 स्थानों पर लगेंगे कैंप



● नगर आयुक्त ने टैक्स विभाग को दिए निर्देश





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम के जोनल कार्यालयों को 8 से 10 मार्च तक अवकाश के दिनों में दिवस निगम के सभी जोनल कार्यालय खोलने तथा टैक्स जमा करने के नगर आयुक्त ने निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही सम्मानित करदाताओं से नगर आयुक्त द्वारा समय से अपना टैक्स जमा करने की अपील की गई है। पांचों जोन में टैक्स वसूली के लिए अवकाश दिवसों में अलग-अलग स्थानों पर कैंप भी लगाए जाएंगे, नौकरीपेशा करदाता जिनको समय नहीं मिल पाता उनके लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अवकाश दिवस में कैंप लगाने के लिए टीम को आदेश दिए गए हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारी तथा टैक्स के अन्य टीम के साथ बैठक की जिसमें अवकाश दिवस में अपने क्षेत्र में कैंप लगाने तथा जोनल कार्यालय खुले रखने के लिए कहा गया है ताकि टैक्स की वसूली समय रहते की जा सके। 31 मार्च 2024 के बाद 12% ब्याज की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी 12% ब्याज की कार्यवाही से बचने के लिए अवकाश दिवसों में लगने वाले कैंप पर जाकर अपना हाउस टैक्स अवश्य जमा करा लें करदाता।

### कब और कहां कहां लगेंगे टैक्स वसूली कैम्प

**करंट क्राइम।** विजयनगर जोन में 8 मार्च को जेपी फार्महाउस सुदामा पुरी में कैंप लगेगा। 9 तथा 10 मार्च को गुलाबी टंकी प्रताप विहार वार्ड 51 में कैंप लगेगा। मोहन नगर जोन अंतर्गत 8 मार्च को जयपाल चौक शहीद नगर वार्ड संख्या 34 में हाउस टैक्स वसूली के लिए कैंप लगेगा तथा वार्ड संख्या 10 सेंट्रल पार्क डीएलएफ में 9 तथा 10 मार्च को कैंप लगेगा। कविनगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 24 को 8 मार्च में लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में कैंप लगेगा। 9 तारीख को बैग वाली कॉलोनी शास्त्री नगर वार्ड 91 में कैंप लगेगा तथा 10 मार्च को स्प्रिंग डेल गोविंदपुरम वार्ड 62 में कैंप लगेगा सिटी जोन के अंतर्गत 8 तारीख को वार्ड संख्या 50 चाम कैसल सोसाइटी, वार्ड संख्या 13 घूकना त्यागी मार्केट शिव मंदिर के पास, 9 मार्च को वार्ड संख्या 50 ब्लू मून समिति वार्ड संख्या 69 नंदग्राम, ई ब्लॉक शिव मंदिर के पास, 10 मार्च को वार्ड संख्या 32 दीपक त्यागी पूर्व पार्षद के कार्यालय पर वार्ड संख्या 69 महाराणा प्रताप स्कूल वार्ड संख्या 22 गगन एनक्लेव में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगेगा। वसुंधरा जोन के अंतर्गत 6 स्थान पर कैंप लगेंगे जिसमें 9 मार्च को नीलपदम कुंज सेक्टर 1 वैशाली में कैंप लगेगा, शिप्रा कृष्ण अहिंसा खंड इंदिरापुरम में कैंप लगेगा, राजहंस अपार्टमेंट अहिंसा खंड में कैंप लगेगा, ऋषभ पैराडाइज अपार्टमेंट अहिंसा खंड में कैंप लगेगा, 10 मार्च को शिप्रा कृष्ण अहिंसा खंड इंदिरापुरम में कैंप लगेगा वैशाली सेक्टर 6 पानी की टंकी के पास कैंप लगेगा, पर्ल कोट अपार्टमेंट सेक्टर 7 रामप्रस्था ग्रीन में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगा।

# लोनीवासियों की समस्या का हुआ समाधान

## जनरल वी.के. सिंह ने एन एच 709 बी की मरम्मत के लिए दिए 4 करोड़ 91 लाख रुपये



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बृहस्पतिवार को स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने लोनी विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाली पुराने एनएच 709 बी दिल्ली सहारनपुर रोड की मरम्मत और रखरखाव के लिए एनएचएआई के माध्यम से पीडब्ल्यूडी को 04 करोड़ 91 लाख रुपये दिए हैं।

लंबे समय से गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र की लोनी विधानसभा में यह समस्या आ रही थी कि सड़क की जर्जर हालत से क्षेत्रीय लोग परेशान थे, जिसकी सूचना समय समय पर जनरल साहब को क्षेत्रवासियों ने पहुंचायी। जनरल वी.के.सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर इसका समाधान निकाला और एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार के माध्यम से पीडब्ल्यूडी एई राजेंद्र सिंह को यह चेक दिया। इस राशि से पुराने एन एच 709 बी के क्षतिग्रस्त क्षेत्र की मरम्मत कर उसे शानदार बनाया जाएगा। जनरल वी.के.सिंह क्षेत्र की जनता की खुशहाली और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इस समस्या का समाधान कर लोनी वासियों के लिए बड़ी खुशी दी है।



## कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा में श्रीमद् भागवत को सिर पर धारण करते समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुप्रसिद्ध भागवत कथावाचक जया किशोरी द्वारा घंटाघर रामलीला मैदान में श्रीमद भागवत कथा के आयोजन से पूर्व पवित्र कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में श्रीमद् भागवत को सिर पर धारण करते हुए भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष एवं समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता।

## मुल्तानीमल मोदी कॉलेज के छात्र मोबाइल प्राप्त कर प्रफुल्लित नजर आये

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मुल्तानीमल मोदी कालिज में प्राचार्य प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम मे बीए, बीबीए, बीसीए व बीपीईएस के छात्र-छात्राओ को मोबाईल वितरित किए।

कार्यक्रम में समन्वयक प्रो0 वन्दना शर्मा, नोडल अधिकारी प्रो0 मयंक, प्रो0 एमक्यू अंसारी, प्रो0 श्रवण कुमार, प्रो0 सुबोध कुमार राणा, प्रो0 जेपी यादव, डॉ0 दीपशिखा, डॉ0 दिनेश कुमार, डॉ0 राजपाल त्यागी, डॉ0 ममता गुप्ता, डॉ0 शिवांगी त्रिवेदी, डॉ0 शिव प्रकाश, डॉ0 अनुज मौर्य, रोहित पाल, अमित त्यागी, नवीन मित्तल, पुनीत शर्मा आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओ को शुभकामनाएं व बधाई दी। कुल 273 में से 246 छात्र-छात्राओ को मोबाईल वितरित किये गयें। मोबाईल प्राप्त कर सभी छात्र प्रफुल्लित दिखें।

# सीलिंग की कार्रवाई से निगम कोष में जमा हुए एक करोड़ एक लाख

## वसुंधरा जोनमें हुई बड़ी कार्रवाई, अंसल प्लाजा को सील करने पहुंचे जोनल प्रभारी, नगर आयुक्त को पेश की रिपोर्ट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के निर्देश पर वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में वसूली की कार्यवाही टैक्स विभाग द्वारा बढ़ा दी गई है जिसके साथ-साथ सीलिंग की कार्यवाही भी बढ़ रही है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार टैक्स विभाग द्वारा टैक्स वसूली को लेकर सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है जिसका लाभ गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त हो रहा है। ऐसे बकायेदार जिनके द्वारा अभी तक अपना हाउस टैक्स जमा नहीं कराया गया है।

उन पर मजबूरी में गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई को कर रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया गया कि सभी जोन के अंतर्गत सीलिंग की कार्रवाई जोरों से चल रही है। इसी क्रम में वसुंधरा जोन के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई सामने आई है। जोनल प्रभारी एसके राय द्वारा, वैशाली स्थित अंसल प्लाजा पहुंचकर सीलिंग कराई गई जिसमें 40 दुकानों में से 29 दुकानों को सील करने कर 38 लाख की वसूली की गई।

### निगम ने किस जोन में कितनी वसूल की जुर्माना राशि

**करंट क्राइम।** नगर निगम ने एक दिन में पांचों जोन से लगभग 1 करोड़ की वसूली की है, वसुंधरा के अंतर्गत सीलिंग कार्यवाही वैशाली अंसल प्लाजा में की गई जिसके दौरान लगभग 38 लाख, कवि नगर जोन के अंतर्गत सीलिंग की कार्यवाही बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया में की गई जहां से लगभग 28 लाख की वसूली हुई। सीलिंग की कार्यवाही विजयनगर जोन अंतर्गत की गई जहां वॉटर कनेक्शन भी डिस्कनेक्ट किये गये जिसमें लगभग साढे 5 लाख की वसूली हुई। सिटी जोन के अंतर्गत पक्षदान मोहल्ला वार्ड संख्या 12, तथा अन्य क्षेत्रों में सीलिंग की कार्यवाही हुई जहां से लगभग 22 लाख की वसूली हुई, मोहन नगर जोन के अंतर्गत सेक्टर 5 राजेंद्र नगर क्षेत्र में सीलिंग की कार्यवाही हुई जिसमें लगभग साढ़े सात लाख की वसूली हुई।

## शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के संयोजक पायलट राकेश त्यागी ने लोकसभा के लिए की दावेदारी





**गाजियबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक पायलट राकेश त्यागी ने गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए भाजपा से अपना आवेदन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण समाज के महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, संरक्षक व पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी, संरक्षक व पूर्व जिला महामंत्री मुकेश त्यागी, नंदग्राम बी- ब्लॉक आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष बबली त्यागी, महानगर सहसंयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ व कोर्णाक पब्लिक स्कूल के मैनेजर नीरज शर्मा, मुरादनगर विधानसभा प्रमुख शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ व मैनेजर एम पी एस पब्लिक स्कूल के राजीव त्यागी, मिल्टन अकेडमी के मैनेजर रामेश्वर निर्वाण, आदर्श पब्लिक स्कूल के मैनेजर सुबोध त्यागी, वेदांतम ग्लोबल पब्लिक स्कूल के मैनेजर ललित त्यागी आदि अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आईएमएस कोर्सेज कैंपस में मीडिया फेस्ट अभिव्यक्ति का आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन द्वारा मीडिया फेस्ट- अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अशोक श्रीवास्तव सीनियर कंसल्टिंग एडिटर डीडी न्यूज, एसपी सिंह वरिष्ठ पत्रकार, संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार निगम द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

फेस्ट में दिल्ली एनसीआर के 22 से अधिक कॉलेजों से 250 से अधिक छात्र - छात्राओं ने पंजीकरण करा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इनमें आफ्ट, एमिटी यूनिवर्सिटी, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, जिम्स, दिल्ली यूनिवर्सिटी एवं आईएमएस नोएडा प्रमुख रहे। कार्यक्रम में चार फोटोग्राफी प्रतियोगिता, पीस टू कैमरा, वन मिनट फ्रेम, मीडिया रंगोली एवं सोलो एक्ट का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एक सफल पत्रकार के गुण बताये, साथ ही उसके समाज के प्रति उत्तरदायित्व को समझाया। प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्र-छात्राओं की प्रतिभा के आंकलन के लिए पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र- छात्राओं को अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. संध्या शर्मा द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान गिरीश कुमार सिंह, डॉ. खुर्शीद आलम, अनुराग सिंह, पूनम कुमारी एवं नारायण भटेजा भी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में एमबीए पास आईबी के फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

## फर्जी आई कार्ड बरामद, नौकरी दिलवाने के नाम पर वसूलते थे पैसे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में दो फर्जी आईबी के अधिकारी पकड़े गए हैं। दोनों ही टइअ पास है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग आईबी और दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से पैसा ऐंठा करते थे। पुलिस ने इनके पास से आईबी का फर्जी कार्ड भी बरामद किया है। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया था की नवंबर महीने में उसकी मुलाकात अनिल सिंह और अली नाम के व्यक्ति से हुई। जिन्होंने अपने आप को आईबी का अधिकारी बताया और उसके बेटे की नौकरी लगने के नाम पर 5 लाख रुपए की मांग की।

### दोनों ने एक फर्जी जॉइन लेटर दिखाया

शिवकुमार ने ढाई लाख रुपये उनके बैंक अकाउंट में जमा करा दिए। उसके बाद इन दोनों ने एक फर्जी जॉइन लेटर दिखाए। हालांकि शर्त यह रखी की जब पूरे पैसे देंगे तभी जॉइनिंग लेटर दिया जाएगा। पूरे पैसे देने के बाद दोनों आरोपियों ने ना तो जॉइनिंग लेटर दिया साथ ही पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

### दोनों एमबीए पास है

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों टइअ पास है, उनके नाम अनिल सिंह और अली हैं। इनके कब्जे से आईबी का फर्जी आई कार्ड मिला है। साथ ही यह जांच की जा रही है कि इन्होंने कितने लोगों को नौकरी के नाम पर ठगा है।


## शोक संदेश



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी स्वर्गीय श्री जतन स्वरूप गोयल जी का देहांत दिनांक 28 फ़रवरी 2024 को हो गया है। प्रभु कि ऐसी ही इच्छा थी।

कार्यक्रम

**दिनांक 11 मार्च 2024**

ब्रह्मभोज एवं प्रसाद — दोपहर 12 बजे।
रस्म पगड़ी — दोपहर 3 बजे।

**स्थान: श्री नाथ जी होटल एंड बैंक्वेट, पांडव नगर गाजियाबाद**

शोकाकुल:
समस्त गोयल परिवार
बी-16, पाम ड्राइव, गोल्फ़ लिंक, ग़ाज़ियाबाद।
**9810654008, 9891116541**


## भागवत कथा के आठवें दिन उमड़ा जनसैलाब



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा कालोनी के आदर्श नगर वार्ड नम्बर 5 में लगातार आठ दिन से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा वाचक रमन बापू भागवत कथा की सुन्दर प्रस्तुति दे रहे हैं। उनका साथ राकेश पंडित जी दे रहे हैं भागवत कथा के आठवें दिन जनकल्याण हेतु स्थानीय लोग ने हवन पूजन किया।

भागवत कथा का आयोजन आदर्श नगर मदर डेयरी वाली गली के लोग मिलजुल कर रहे हैं जिसमें आज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के अन्तिम दिन स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय की सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन दैनिक कार्यक्रमों के साथ सुबह सर्वप्रथम प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद ड्रिल, योगा व दीप प्रज्वलन के साथ रोलकॉल व लक्ष्यगीत हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने नाली व रास्तों की सफाई का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने स्वच्छता की हुई थी, जिन्हें एक दिन पहले प्रेरित किया था, जिसमें नाली के पानी की उचित निकासी की गई थी। प्रमुख कार्यक्रमों में. सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक समरसता व राष्ट्र विकास की झलक आदि विषय पर स्वयंसेवकों व प्राइमरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गयें। मुख्य अतिथि विधायिक डॉ0 मंजू सिवाच ने माँ शारदे सरस्वती पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया। डॉ0 मंजू सिवाच ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं की प्रशंसा की और प्राथमिक स्कूल के बच्चों को शिक्षित होने और समाज कल्याण की ओर अग्रसारित होने की सीख दी।

# नीतीश कुमार आ चुके, नवीन पटनायक भी लगभग तैयार, अब एनडीए में तीसरे बड़े दल की वापसी के आसार



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस में वापसी हो चुकी है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक के भी जल्द एनडीए में वापसी की अटकलें हैं। अब खबर है कि भारतीय जनता पार्टी भारत के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में भी बड़े गठबंधन की तैयारी में है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया है।

खबरें हैं कि भाजपा तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना के साथ हाथ मिला सकती है। न्यूज18 की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को नई दिल्ली पहुंच सकते हैं। साथ ही पवन कल्याण भी दिल्ली में मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा, टीडीपी और जनसेना देर रात मीटिंग कर गठबंधन पर चर्चा कर सकते हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में 30 विधानसभा और 7 लोकसभा सीटों की मांग की है। इनमें 1 या 2 सीटें पवन कल्याण की भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि भाजपा दक्षिण भारत की 84 सीटों पर फोकस कर रही है। खास बात है कि 5 राज्यों में सीटों की संख्या बढ़ाना भाजपा के एनडीए के लिए '400 पार' के नारे के लिए काफी अहम होगा।

कभी एनडीए के शुरूआती सदस्यों में शामिल रही टीडीपी ने करीब 6 साल पहले गठबंधन से दूरी बना ली थी। अब संभावनाएं हैं कि पार्टी एनडीए में वापसी कर सकती हैं। खबरें हैं कि जनवरी में नायडू ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ मुलाकात भी की थी।

### दक्षिण में भाजपा का रिकॉर्ड

कर्नाटक को छोड़कर भाजपा दक्षिण भारत के किसी हिस्से में खास मौजूदगी दर्ज नहीं करा सकी है। हालांकि, बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को तेलंगाना में भी चार सीटें मिली थीं। 5 राज्यों की 127 सीटों में से भाजपा सिर्फ 29 ही हासिल कर सकी थी। इनमें 25 सीटें कर्नाटक की शामिल हैं।

# कश्मीर बंदिशों से आजाद, लौटाए जा रहे अधिकार, श्रीनगर से 370 पर बोले पीएम मोदी

**श्रीनगर।** आर्टिकल 370 हटने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पहली बार श्रीनगर पहुंचे। उन्होंने हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए बख्शी स्टेडियम से कहा कि यह वह कश्मीर है, जिसका बरसों से इंतजार था। पीएम मोदी ने कहा कि हम दशकों से इस नए कश्मीर का इंतजार कर रहे थे। इसी कश्मीर के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सिर्फ एक क्षेत्र नहीं है बल्कि भारत का मस्तक है। विकसित जम्मू-कश्मीर ही विकसित भारत की प्राथमिकता है। एक जमाना था, जब पूरे देश में लागू होने वाले कानून यहां नहीं लागू होते थे। गरीब कल्याण की योजनाएं पूरे देश में लागू होती थीं, लेकिन मेरे कश्मीरी भाई-बहनों को उसका फायदा नहीं मिल पाता था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज श्रीनगर सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए पर्यटन की एक नई पहल कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर पर्यटन के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है। अकेले 2023 में ही यहां 2 करोड़ लोग आए थे। यही नहीं उन्होंने सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर को 2 एम्स मिलने जा रहे हैं। इसके अलावा



यहां से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन होता है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर की सक्सेस स्टोरी पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी।

**आज जम्मू-कश्मीर पर्यटन के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है। अकेले 2023 में ही यहां 2 करोड़ लोग आए थे।**

### आज बंदिशों से आजाद है कश्मीर, लौटाए जा रहे सारे अधिकार

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर बंदिशों से आजाद है। कांग्रेस और उसके साथियों ने आर्टिकल 370 को लेकर देश को गुमराह किया। उसका फायदा कुछ परिवारों को ही मिल रहा है। कुछ परिवारों के फायदे के लिए जम्मू-कश्मीर को जंजीरों में जकड़ दिया गया था। आज 370 नहीं है तो जम्मू-कश्मीर के युवाओं के काम को पूरा सम्मान मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए शरणार्थी, वाल्मीकि समुदाय के लोगों और सफाई कर्मचारी भाइयों को यहां लाभ नहीं मिल रहे थे। अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को आरक्षण मिल रहा है और उन्हें सीटों में भी आरक्षण मिल रहा है। पंचायतों में हमने जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को आरक्षण दिया है। आज हर वर्ग को उनके अधिकार लौटाए जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर लालू प्रसाद यादव के बयान तक, जानें गृह मंत्री अमित शाह ने क्या कहा

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल के कार्यों का जिक्र करते एक निजी कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम जीत दर्ज कर रहे हैं। हमारे देश में एक गतिशील लोकतंत्र है, जो प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है और उसके आधार पर अपना जनादेश देता है। पहले मूड और जनादेश जाति और पंथ पर आधारित होते थे। लेकिन पीएम मोदी ने राजनीति की परिभाषा की बदल दी। अब आपका प्रदर्शन तय करेगा कि अब सत्ता में कौन रहेगा।

### मैं पीएम के कार्यशैली को मैंने करीब से देखा- अमित शाह

पीएम मोदी से संबंधों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने पीएम मोदी को करीब से देखा है। मैं लंबे समय तक उनके साथ काम किया है। लालू यादव के बयान पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर



पीएम मोदी का परिवार होता तो शायद वो भी लालू यादव की तरह अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश करते। लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि उन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।

पीएम मोदी का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने 40 साल तक सिर्फ और सिर्फ देश की जनता के लिए काम किया है। मैंने कभी भी उन्हें छुट्टी लेते नहीं देखा। सुबह पांच बजे से लेकर रात एक बजे तक पीएम मोदी जनता के उत्थान के लिए लगातार काम करते रहते हैं। यही कारण है कि पीएम मोदी पर कभी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है।

### अगले 10 वर्ष भी पीएम मोदी ही सत्ता में होंगे- अमित शाह

अगले 10 वर्षों का जिक्र करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब देश उन लोगों को मौका देगा, जो प्रदर्शन करेंगे। अगर हम चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो हम सत्ता में बने रहेंगे। इतना मैं जानता हूं कि अगले 10 वर्षों के लिए प्रधानमंत्री मोदी ही होंगे। इस दौरान आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर अमित शाह ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जो लोग राजनीति के स्तर को गिराने की कोशिश करेंगे उन्हें जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

# 820 करोड़ आईएमपीएस लेनदेन मामले में राजस्थान-महाराष्ट्र के 67 ठिकानों पर रेड

## 40 मोबाइल और 43 डिजिटल उपकरण जब्त

**नई दिल्ली।** सैकड़ों करोड़ रुपये के आर्थिक अपराध और संदिग्ध लेनदेन के एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राजस्थान और महाराष्ट्र में एक साथ 67 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। लगभग 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) लेनदेन से संबंधित इस मामले में यूको बैंक के कई खातों की जांच हो रही है। 820 करोड़ रुपये के लेनदेन वाले इस मामले में छापेमारी को लेकर सीबीआई ने बयान जारी किया। इसके मुताबिक छह मार्च को राजस्थान के जोधपुर, जयपुर, जालौर, नागौर, बाड़मेर, फलौदी सहित कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया गया।

यूको बैंक के खातों से संदिग्ध लेनदेन मामले में राजस्थान के अलावा और महाराष्ट्र के पुणे में भी व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। इन ऑपरेशनों के दौरान, यूको बैंक और आईडीएफसी से संबंधित लगभग 130 आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।




### जांच के दौरान 40 मोबाइल और 43 डिजिटल डिवाइस समेत कई सामान जब्त

सीबीआई अधिकारियों ने छह मार्च के ऑपरेशन के दौरान 43 डिजिटल डिवाइस 40 मोबाइल फोन, 2 हार्ड डिस्क और 1 इंटरनेट डोंगल सहित कई अन्य आपत्तिजनक सामान भी जब्त किए गए। सीबीआई इनका फोरेंसिक विश्लेषण करा रही है। मौके पर मिले 30 संदिग्धों को भी सीबीआई ने अपनी जांच प्रक्रिया में शामिल किया है।

# चीन के साथ सीमा विवाद के बीच राजनाथ सिंह, अगर कोई देश भारत को चुनौती देता है तो मिलेगा मुंहतोड़ जवाब



**नई दिल्ली।** सीमा विवाद के बीच भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी ताजा टिप्पणी में चीन को चेतावनी दी है। रक्षा मंत्री ने परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया है और न ही उसकी जमीन पर कब्जा किया है, लेकिन अगर कोई देश भारत को चुनौती देता है तो देश 'मुंहतोड़' जवाब देने की स्थिति में है। सिंह ने गुरुवार को पिछले दशक में भारत के रक्षा क्षेत्र में बदलाव को रेखांकित किया।

सिंह ने दावा किया कि चाहे जमीन से, हवा से या समुद्र से, अगर कोई भारत पर हमला करता है, तो हमारी सेनाएं दृढ़ता से जवाब देंगी। हमने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया है और न ही किसी की एक इंच जमीन पर कब्जा किया है। लेकिन, अगर कोई हमारी तरफ आंख उठाकर देखेगा तो हम मुंहतोड़ जवाब देने की स्थिति में हैं।' राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2014 में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्ता में आई है, रक्षा हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक रही है। हम क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े। चाहे वह सैन्य मामलों के विभाग का शुभारंभ हो, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का निर्माण हो, हमने रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन और निर्यात के साथ-साथ सैन्य आधुनिकीकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया है।

राजनाथ ने कहा कि भारत की रक्षा व्यवस्था इसलिए मजबूत हुई क्योंकि हमने रक्षा व्यवस्था के साथ-साथ भारतीयता पर भी ध्यान दिया। हमने न केवल रक्षा प्रणाली को मजबूत किया बल्कि भारतीयों के दृष्टिकोण के अनुरूप इसे सुदृढ़ भी किया। 2020 में पूर्वी लद्दाख में घर्षण बिंदुओं पर टकराव के बाद भारत और चीन लगभग चार वर्षों से सैन्य गतिरोध में बंद हैं। गतिरोध को हल करने के लिए समग्र विघटन और तनाव को कम करने के लिए चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में नई दिल्ली और बीजिंग के बीच कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता का 20 वां दौर पिछले अक्टूबर में चुशुल में आयोजित किया गया था।

उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ भारतीय रक्षा व्यवस्था मजबूत है, बल्कि भारत भी मजबूती के साथ वैश्विक पटल पर उभर रहा है। और वह दिन दूर नहीं जब भारत न सिर्फ विकसित राष्ट्र के रूप में सामने आएगा, बल्कि हमारी सैन्य शक्ति दुनिया की सर्वोच्च सैन्य शक्ति बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि भारत की रक्षा व्यवस्था इसलिए मजबूत हुई, क्योंकि हमने रक्षा व्यवस्था के साथ-साथ भारतीयता पर भी फोकस किया। हमने रक्षा व्यवस्था को न सिर्फ मजबूत किया, बल्कि उसे भारतीयों की दृष्टि के अनुसार मजबूत किया।

**2020 में पूर्वी लद्दाख में घर्षण बिंदुओं पर टकराव के बाद भारत और चीन लगभग चार वर्षों से सैन्य गतिरोध में बंद हैं।**

# बढ़ते महिला अपराधों को लेकर भाजपा पर भड़के राहुल, बोले- पीड़ितों से दुश्मन जैसा बर्ताव करना उनकी आदत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दो लड़कियों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार की आलोचना की है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि इन राज्यों में न्याय मांगना अपराध है।

दुष्कर्म होने के कुछ दिन बाद 28 फरवरी को दो लड़कियों को पेड़ से लटका पाया गया। लड़कियों को कानपुर के घाटमपुर इलाके के एक गांव में उस ईंट भट्टे के पास पाया गया जहां वे काम करती थीं।

### राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार में इस दोहरे अन्याय को इन दो घटनाओं से समझिए। उन्होंने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, उत्तर प्रदेश में दुष्कर्म के बाद दो लड़कियों ने आत्महत्या कर ली। अब न्याय न मिलने और मामला वापस लेने के दवाब में उनके पिता ने भी फांसी लगा ली। राहुल ने आगे कहा, मध्य प्रदेश में महिला की इज्जत लूट ली गई। उसके गरीब पति ने न्याय की गुहार लगाई और न्याय न मिलने पर अपने दो बच्चों के सामने फांसी लगा ली। नरेंद्र मोदी की डबल इंजर सरकार में न्याय मांगना अपराध है। उन्होंने आरोप लगाया कि न केवल पीड़ितों बल्कि उनके परिवारों के साथ भी दुश्मन वाला व्यवहार करना भाजपा के लिए एक परंपरा बन गई है।

### जंगल राज में महिला होना अपराध: प्रियंका गांधी वाड्रा

कांग्रेस सांसद ने बताया कि हाथरस, उन्नाव, मंदसौर और पौड़ी में यौन उत्पीड़न से पीड़ित महिलाएं आज भी न्याय की मांग कर रही हैं। इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं, नहीं तो यह आज नहीं तो कल आपके साथ भी हो सकता है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी महिलाओं के साथ हो रहे अपराध को लेकर उत्तर प्रदेश में भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, इस जंगल राज में महिला होना अन्याय है। अतिरिक्त सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) हरीश चंद्र के अनुसार, दोनों पीड़ित लड़कियों के परिवारवालों ने आरोप लगाया कि ईंट भट्टे के ठेकेदार 48 वर्षीय रामरूप निषाद, उसके 18 वर्षीय बेटे राजू और 19 वर्षीय भतीजे संजय ने उनके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नहाने को तरस रहे लोग

## बेंगलुरु में पानी का संकट गहराया

**बेंगलुरू।** गर्मियों के मौसम में पानी की समस्या काफी अधिक हो जाती है। लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। पीने के पानी से लेकर नहाने के पानी तक की भी भारी कमी होने लगती है। आमतौर पर जलस्तर काफी कम हो जाता है, जिस कारण लोगों के लिए पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पाती है। वहीं दूसरी तरफ गर्मियों का मौसम अभी आया भी नहीं है कि बेंगलुरु में लोगों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में पानी की किल्लत का सामना लोग कर रहे है। इलाकों में बोरवेल सूख गए है। ऐसे में लोगों को पानी की कमी के कारण कई समस्याएं हो रही है। पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए लोगों को टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों को पीने के पानी लेने के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है। बेंगलुरु के आरआर नगर में सिर्फ एक ही आरओ प्लांट चल रहा है। इस प्लांट के बाहर भी पोस्टर लगाया गया है जिसमें लिखा गया है कि 20 लीटर पानी के लिए पांच रुपये का भुगतान करना होगा। आम जनता जो पानी के लिए तरस रही है, उनके लिए प्लांट सुबह सात बजे खुलता है और पानी की आपूर्ति दो घंटे तक यानी सुबह नौ बजे तक होती है। इसके बाद पानी की सप्लाई बंद कर दी जाती है। अगर आम जनता इन दो घंटों के बाद पहुंचती है तो उन्हें पानी नहीं मिलता है और दिन भर पानी के बिना ही गुजारा करना पड़ता है। वहीं सुबह के बाद शाम पांच बजे फिर से आरओ खुलता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पानी की काफी किल्लत हो रही है। बीते तीन महीनों से ही पानी की कमी हो रही है। हर दिन बैंगलोर जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के इंजीनियर को बुलाया जाता है और पीने के पानी के लिए आरओ प्लांट पर जाना पड़ता है ताकि पानी को स्टोर किया जा सके। मगर प्लांट से भी सिर्फ एक व्यक्ति को एक ही कैन भरने की अनुमति होती है, जो पर्याप्त नहीं होती है।

# पुलिस ने भाजपा नेत्रियों को संदेशखाली जाने से रोका

## लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल समेत कई हिरासत में

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव इन दिनों चर्चा में है। गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है। बंगाल की पूरी सियासत अभी संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। भाजपा लगातार टीएमसी सरकार पर हमला बोल रही है। इस बीच, भाजपा की महिला नेताओं को संदेशखाली जाने से रोक दिया। साथ ही सांसद लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल समेत कई नेताओं को हिरासत में भी ले लिया है।

### महिला नेताओं को रोका

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुए कथित महिला उत्पीड़न के



मामले पर पूरे बंगाल में हंगामा मचा हुआ है। पीड़ित महिलाओं से मिलने के लिए भाजपा की महिला नेता संदेशखाली जा रही थीं, लेकिन कोलकाता के न्यू टाउन में सुरक्षाबलों ने उन लोगों को रोक दिया। बाद में पुलिस ने सांसद लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल सहित कई महिला नेताओं को हिरासत में ले लिया।

### ममता बनर्जी डरी हुई हैं

पश्चिम बंगाल की भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा, 'पूरा देश संदेशखाली की स्थिति देख रहा है, लेकिन सीएम ममता बनर्जी संदेशखाली जाने के बजाय टीएमसी की रैली में भाग ले रही हैं। ममता बनर्जी डरी हुई हैं। बंगाल में कई संदेशखाली हैं। एक दिन, पश्चिम बंगाल के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि ममता बनर्जी सड़क पर आ जाएं। पुलिस हमें गिरफ्तार क्यों कर रही है, हमने क्या किया है?'

### ममता बनर्जी का वोट बैंक हैं

बंगाल की भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा, 'रोहिंग्या ममता बनर्जी का वोट बैंक हैं। राष्ट्रवादी मुस्लिम और राज्य के हिंदू उन्हें वोट नहीं देंगे। शेख शाहजहां जैसे अपराधी रोहिंग्याओं को पश्चिम बंगाल में घुसने में मदद कर रहे हैं।'

### क्या है संदेशखाली विवाद

कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर, सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखाली इलाका एक महीने से अधिक समय से शाहजहां और उनके समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के साथ उबाल पर है। दरअसल गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं। शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी शाहजहां शेख आरोपी है। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है।

# लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, गिरफ्त में आए 2 आतंकी

## अमेरिका से चल रहा था आतंकी मॉड्यूल

**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ संभावित लक्षित हत्याओं को रोक दिया है। ऑपरेशन खुफिया इनपुट पर आधारित था। खुफिया ऑपरेशन में इन दोनों आतंकियों के पास से दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किया गया है। एक ऑपरेशन में पंजाब पुलिस ने घोषणा की कि उन्होंने बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकवादी समूह से जुड़े दो व्यक्तियों को पकड़कर संभावित लक्षित हत्याओं को सफलतापूर्वक रोका है।

मॉड्यूल का संचालन यूएसए स्थित हरप्रीत सिंह हैप्पी पासियन द्वारा किया जाता था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का



करीबी सहयोगी था। पुलिस महानिदेशक, गौरव यादव ने कहा कि इसके साथ ही उसके सहयोगी की पहचान शमशेर सिंह उर्फ शेरा के रूप में की गई थी जो वर्तमान में आर्मेनिया में स्थित है।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, हैप्पी पासियन रिंडा और शमशेर के साथ मिलकर राज्य में युवाओं को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रेरित करके कट्टरपंथी बनाने का काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि 4 मैगजीन और 30 जिंदा कारतूसों के साथ 2 पिस्तौलें बरामद की गईं। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), अमृतसर में यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम) और शस्त्र अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# ट्रंप ने बाइडन को दी बहस की चुनौती

**वाशिंगटन।** सुपर ट्यूसडे यानी 5 मार्च को हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन ने लगभग क्लीन स्वीप करते हुए जीत दर्ज की। रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप को चुनौती दे रहीं एकमात्र उम्मीदवार निक्की हेली ने भी बुधवार को सुपर ट्यूसडे के नतीजे जारी होने के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का एलान कर दिया। जिसके बाद नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में जो बाइडन का मुकाबला डोनाल्ड ट्रंप से होना लगभग तय हो चुका है।





### डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन को दी चुनौती

जो बाइडन से मुकाबला तय होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भी बाइडन को डिबेट की चुनौती दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि अगर जो बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।' डोनाल्ड ट्रंप भले ही जो बाइडन को बहस की चुनौती दे रहे हैं, लेकिन वह खुद अभी तक रिपब्लिकन पार्टी की किसी डिबेट में शामिल नहीं हुए। निक्की हेली ने कई बार ट्रंप को बहस की चुनौती दी थी, लेकिन ट्रंप ऐसी किसी बहस में शामिल नहीं हुए। अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव एक तरह से 2020 में हुए चुनाव की पुनरावृत्ति दिख रहे हैं, जिसमें भी जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला हुआ था और एक करीबी मुकाबले में जो बाइडन ने ट्रंप को पटखनी दे दी थी।

इस्राइल हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बाइडन सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। साथ ही अफगानिस्तान से जिस तरह से अमेरिकी सेना निकली, ये कुछ विदेश नीति के मुद्दे हैं, जिन पर ट्रंप, बाइडन सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे। अमेरिकी चुनाव में जलवायु परिवर्तन भी बड़ा मुद्दा है, लेकिन यहां बाइडन, ट्रंप पर भारी पड़ते नजर आते हैं क्योंकि ट्रंप तो जलवायु परिवर्तन को मानते ही नहीं हैं। पिछले राष्ट्रपति चुनाव के बाद जिस तरह से यूएस कांग्रेस में दंगा हुआ, उससे कई अमेरिकी नाराज हैं। ऐसे में अमेरिका में लोकतंत्र भी ऐसा मुद्दा है, जो आगामी राष्ट्रपति चुनाव में अहम रहने वाला है।

### ये मुद्दे तय करेंगे चुनाव के नतीजे

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जो मुद्दे अहम रहने वाले में हैं, उनमें अर्थव्यवस्था, अवैध प्रवासी, विदेश नीति, जलवायु परिवर्तन और लोकतंत्र प्रमुख हैं। खासकर डोनाल्ड ट्रंप का जोर अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर रहेगा। हाल ही में ट्रंप ने अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर का दौरा भी किया था, जहां से बड़ी संख्या में अमेरिका में अवैध प्रवासी प्रवेश करते हैं। ट्रंप कई बार अपनी जनसभाओं में बाइडन सरकार को अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर घेर चुके हैं। बाइडन के कार्यकाल में अमेरिका कोविड संकट से बाहर आया। बेरोजगारी दर कम है और स्टॉक भी उच्च स्तर पर हैं। हालांकि अहम बात ये है कि क्या अमेरिका के लोग मानते हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। सर्वे से तो पता लगता है कि अर्थव्यवस्था के मामले में अमेरिकी लोग ट्रंप के कार्यकाल को ज्यादा महत्व दे रहे हैं।

# वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी




**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।'

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन, फ्रांस और जर्मनी, ईरान, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि शामिल हुए।

### कतर में हुई बैठक में ये देश हुए शामिल

कतर में हुई बैठक में स्पेशल कॉर्डिनेटर एंबेसडर की रिपोर्ट पर चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत की नियुक्ति और अफगानिस्तान में इंटरनेशनल कॉन्टैक्ट ग्रुप की स्थापना जैसी सिफारिशें की गईं थी। कंबोज ने कहा कि भारत ने इस बैठक में पूरी सक्रियता से हिस्सा लिया। बैठक के दौरान गुटेरस ने कहा कि वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि अफगानिस्तान फिर से आतंकियों के लिए पनाहगाह न बन जाए। कंबोज ने कहा कि अगर अफगानिस्तान में इंटरनेशनल कॉन्टैक्ट ग्रुप बनता है और इसमें सभी हिस्सेदारों का योगदान रहेगा तो यह काफी प्रभावी साबित हो सकता है। दोहा में हुई बैठक में तालिबान के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। कंबोज ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि अफगानिस्तान में हालात बेहद खराब हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अफगानिस्तान में मानवीय मदद जारी रखनी चाहिए। कंबोज ने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान में तीन प्रमुख स्तंभों खाद्य सुरक्षा, मेडिकल सप्लाई और शिक्षा पर फोकस किया है। भारत ने 50 हजार टन गेहूं अफगानिस्तान भेजा है। अफगान छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई है। एक हजार अफगान छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा दी गई है। साथ ही अस्पतालों को जीवन रक्षक दवाएं मुहैया कराई हैं और नशे के लिए खिलाफ लड़ाई लड़ी है।

# अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर हूतियों ने दागी मिसाइल, तीन नाविकों की मौत, चार घायल



● सेंटकॉम ने कहा, चालक दल ने जहाज को छोड़ दिया और हूती विद्रोहियों को जवाब दे रहे हैं व स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

**गाजा।** अदन की खाड़ी में बुधवार को एक व्यापारिक जहाज पर हूतियों के मिसाइल हमले में तीन नाविकों की मौत हो गई। वहीं इस हमले में चार अन्य घायल भी हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट में ब्रिटेन और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले यह जानकारी दी गई है। गाजा पर इस्राइल के आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक पर व्यापारिक जहाज पर हमले में कोई हताहत हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

### लाइबेरिया के जहाज पर हुआ हमला

अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर लिखा, हूती आतंकवादियों की ओर से बुधवार को करीब साढ़े 11 बजे (स्थानीय समय) एक एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल (एएसबीएम) बारबाडोस के झंडे और लाइबेरिया के स्वामित्व वाले जहाज की ओर दागी गई। मिसाइल जहाज पर गिरी। इससे बहुराष्ट्रीय चालक दल के तीन लोगों की मौत हुई। कम से चार लोगों के घायल होने की खबर है। जिसमें तीन की स्थिति गंभीर है। जहाज को क्षति पहुंची है। सेंटकॉम ने कहा, चालक दल ने जहाज को छोड़ दिया और सहयोगी युद्धपोत (हूती विद्रोहियों को) जवाब दे रहे हैं व स्थिति का आकलन कर रहे हैं। पिछले दो दिन में हूतियों के द्वारा दागी गई यह दूसरी एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल है।

### ब्रिटेन ने कहा- हमें हूती विद्रोहियों को रोकना होगा

इस बीच, ब्रिटेन के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तीन निर्दोष नाविकों की मौत हो गई है। यह हूतियों की ओर से दागई गई मिसाइलों का परिणाम है। उन्हें रोकना होगा। ब्रिटेन ने कहा, मृतकों और घायलों के परिजनों के लिए हमारी गहरी संवेदना है। हूतियों के हमले से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। ईरान समर्थित संगठन पिछले साल नवंबर से वाणिज्यिक और सैन्य नौवहन को निशाना बना रहा है। हूतियों ने शुरू में कहा था कि वे गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सिर्फ इस्राइल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाएंगे। लेकिन बाद में उसने अपने लक्ष्यों में ब्रिटेन और अमेरिका के जहाजों को भी शामिल कर लिया। बीते दिनों अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। हालांकि इसके बावजूद हूती विद्रोही अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब हूती विद्रोहियों के हमले में नाविकों की मौत से क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

# गाजा में भुखमरी को लेकर दक्षिण अफ्रीका की ICJ से मांग, इस्राइल के खिलाफ ठोस कदम उठाने की पैरवी की

**गाजा।** हमास और इस्राइल के बीच पांच माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। फिलहाल, न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय से दक्षिण अफ्रीका ने गाजा युद्ध के चलते इस्राइल पर और आपातकालीन उपाय लागू करने के लिए कहा है। उसने गाजा में फलस्तीनियों को प्रभावित करने वाले अकाल के खतरे का हवाला देते हुए अदालत में याचिका दायर कर मांग की कि आदेश दिया जाए की सभी पक्ष शत्रुता रोकें और सभी बंधकों को रिहा करें।




बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका ने आगाह किया कि गाजा के लोग इंतजार नहीं कर सकते। इसमें यह भी कहा गया, भुखमरी का खतरा अब सच होता दिख रहा है। अदालत को तुरंत यह सुनिश्चित करना चाहिए की आने वाली त्रासदी को रोका जाए। नरसंहार कन्वेंशन के तहत खतरे में पड़ने वाले अधिकारों की रक्षा करने के लिए काम करने की जरूरत है।

### तत्काल और प्रभावी उपाय करे

इतना ही नहीं, दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से यह आदेश देने के लिए भी कहा कि इस्राइल गाजा में भुखमरी को दूर करने के लिए आवश्यक बुनियादी सेवाओं और मानवीय सहायता के प्रावधान को सक्षम करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करे। साथ ही कहा गया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय, जिसे अक्सर विश्व न्यायालय के रूप में जाना जाता है, को आगे की सुनवाई किए बिना इन पर कार्रवाई करनी चाहिए।

इस बीच, संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर कुछ नहीं किया जाता है, तो गाजा पट्टी में अकाल की स्थिति बन जाएगी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों की माने तो पिछले पांच महीने के दौरान गाजा पट्टी में करीब 30 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय फलस्तीनी क्षेत्रों पर इस्राइल के 57 साल के कब्जे पर एतिहासिक सुनवाई शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

### कई हजार से अधिक जा चुकी हैं जानें

गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। संघर्ष विराम को लेकर लगातार काहिरा में वार्ता चल रही है। एक तरफ इस्राइल ने कुछ शर्तें हमास के सामने रख दी हैं। वहीं हमास भी अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। ऐसे में चिंता बढ़ती जा रही है।

# सीरिया में आईएस आतंकियों के हमले में 18 की मौत



**सीरिया।** इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों ने बुधवार को पूर्वी सीरिया में ट्रफल्स इकट्ठा कर रहे ग्रामीणों पर हमला कर दिया, जिसमें 18 लोगों की मौत और 16 घायल हो गए। ट्रफल्स एक मौसमी फल है, जिसे ऊंची कीमत पर बेचा जाता है। सीरिया में कई लोग इन्हें इकट्ठा करने के लिए बाहर जाते हैं, क्योंकि यहां 90% आबादी गरीबी रेखा से नीचे है।

ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि बुधवार के हमले में करीब 50 लोग लापता भी हैं। हो सकता है कि उन्हें आईएस ने अगवा कर लिया हो। ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि मृतकों में सरकार समर्थक राष्ट्रीय रक्षा बलों के चार सदस्य भी शामिल हैं। सरकारी मीडिया हाउस दामा पोस्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या 44 बताई जा रही है। दामा पोस्ट के अनुसार इस्लामिक स्टेट समूह की ओर से किए गए हमलों में यह अब तक का सबसे घातक हमला है। हमला इराक की सीमा से लगे पूर्वी प्रांत दीर अल-जौर में कोबाजेब शहर के पास एक रेगिस्तानी इलाके में हुआ।

# पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर ने नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बुधवार को पहली बार मुलाकात की और पेशेवर तथा सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।

पाकिस्तान की शक्तिशाली सेना ने एक दिन पहले ही शहबाज शरीफ को पद संभालने पर बधाई दी थी। सेना प्रमुख जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री आवास परशहबाज शरीफ को बधाई देने के लिए मुलाकात की और देश के 24वें मुख्य कार्यकारी के रूप में पदभार संभालने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के लगभग एक महीने बाद शहबाज ने सोमवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बैठक के दौरान, पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा मामलों के पेशेवर मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

यह भी कहा गया कि बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा समेत अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर, सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री को उनके पदभार ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# जयशंकर ने रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को किया संबोधित, भारत-जापान संबंधों पर कही यह बात

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि जापान आज भारत में बदलाव की गति की सराहना करे। यह वो देश है जो आज हर रोज 28 किलोमीटर के हाईवे बना रहा है, जो हर साल 8 नए हवाई अड्डे बना रहा है। ये परिवर्तन हमें और अधिक प्रभावी और विश्वसनीय साझेदार बनाता है।




जयशंकर ने कहा कि भारत का यह परिवर्तन हमें अधिक प्रभावी और विश्वसनीय भागीदार बनाता है। व्यापार करने में आसानी हो, जिंदगी जीने के तरीकों में सरलता लाने की बात हो, डिजिटल डिलीवरी, स्टार्टअप और इनोवेशन संस्कृति हो या अंतरराष्ट्रीय एजेंडे को आकार देने की बात हो, भारत का रुख साफ है। आज हम एक बहुत अलग देश हैं।

### ग्लोबल साउथ पर भी विस्तार से बात की

विदेश मंत्री ने ग्लोबल साउथ पर भी विस्तार से बात की और जोर दिया कि भारत जिम्मेदारी के प्रति सचेत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में भारत जिम्मेदारी के प्रति सचेत है। हमारे प्रयास आज विभिन्न महाद्वीपों के 78 देशों तक फैले हुए हैं। यह सवाल भी उठता है कि क्या भारत और जापान अपनी विकास प्रणालियों के संबंध में समन्वय कर सकते हैं? हम इसे लेकर भी स्पष्ट हैं। समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो गई है। कई चुनौतियां हमारे सामने हैं। हम देख सकते हैं कि लाल सागर में हम पहली बार हताहत हुए। बड़े क्षेत्र के लाभ के लिए हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना भी आवश्यक है। दरअसल, जयशंकर विशेष रूप से 6-8 मार्च तक जापान की यात्रा पर हैं। इससे पहले उन्होंने दक्षिण कोरिया का दौरा किया, जहां अपने प्रवास के दौरान उन्होंने शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वें भारत-जापान विदेश मंत्री की रणनीतिक वार्ता के लिए जापान में हैं।

### पूर्व और पश्चिम दोनों ओर प्रमुख गलियारों पर काम कर रहे

उन्होंने कहा कि भारत आज अपने पूर्व और पश्चिम दोनों ओर प्रमुख गलियारों पर काम कर रहा है। उनमें आईएमएसी (भारत मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर) पहल शामिल है। यह जब पूरा होगा, तब यह एशिया के माध्यम से अटलांटिक को प्रशांत से जोड़ देंगे। पारदर्शी और सहयोगात्मक कनेक्टिविटी की आवश्यकता के बारे में भारत और जापान के विचार समान हैं।

# चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत से फाइटर जेट खरीद सकता है फिलिपींस




**नई दिल्ली।** चीन की हरकतों से परेशान एक छोटे से देश ने उसे जवाब देने के लिए भारत से मदद ली। पहले ब्रह्मोस मिसाइल खरीदी। अब हल्के लड़ाकू विमान तेजस पर उसकी नजर है। यह देश आकार में भारत से 996 फीसदी छोटा है। आबादी सिर्फ 11।46 करोड़ रुपए हैं। यह महाराष्ट्र की आबादी से थोड़ी ही ज्यादा है।

यह देश है फिलिपींस। इस देश की आर्मी यह चाहती है कि उसके तटों पर एंटी-शिप और लैंड अटैक ब्रह्मोस मिसाइलों को तैनात किया जाए। इसके पहले फिलिपींस की मरीन कॉर्प्स ने एंटी-शिप ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन बैटरी खरीदी है। सिर्फ इतना ही नहीं फिलिपींस की वायुसेना अब उसके फाइटर जेट्स के लिए तेजस फाइटर जेट पर विचार कर रही है।

फिलिपींस को 12 से 16 फाइटर जेट की जरूरत है। इसलिए वह तेजस फाइटर जेट और उससे दागी जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों पर भी विचार कर रही है। अगर फिलिपींस भारत के साथ यह डील करता है, तो चीन के लिए यह बड़ी मुसीबत होगी। क्योंकि तेजस फाइटर जेट और ब्रह्मोस मिसाइल का कॉम्बीनेशन बेहद खतरनाक है।

पिछले साल फिलिपींस कोस्टगार्ड के प्रमुख हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारतीय नौसेना के बेस पर आए थे। उन्होंने एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर में उड़ान भी भरी थी। वो इस हेलिकॉप्टर को लेकर भी अपना इंट्रेस्ट दिखा रहे हैं। अब मुद्दा ये है कि किस तरह से तेजस और ब्रह्मोस फिलिपींस की सुरक्षा कर पाएंगे?

### भौगोलिक स्थिति ऐसी कि चारों तरफ सिर्फ समंदर

फिलिपींस का कुल क्षेत्रफल 343,448 वर्ग किलोमीटर है। यह दक्षिणी चीन सागर में छोटे-छोटे 7641 द्वीपों यानी आइलैंड्स का एक समूह है। दक्षिणी चीन सागर पश्चिम में है। फिलिपीन सागर पूर्व और सेलेबेस सागर दक्षिण में है। फिलिपींस अपनी समुद्री सीमा ताइवान, जापान, पलाऊ, इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम और चीन के साथ बांटता है। यह दुनिया का 12वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है।

# भारतीय दूतावास ने श्रमिकों के लिए शुरू की जीवन सुरक्षा योजना, मृतक के परिजनों को मिलेगा वित्तीय लाभ

**दुबई।** दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने प्राकृतिक और आकस्मिक मृत्यु के मामले में मृतक के परिजनों को वित्तीय लाभ देने के लिए भारतीय श्रमिकों (ब्लू-कॉलर) के लिए नया बीमा पैकेज शुरू किया है। दूतावास ने जीवन सुरक्षा योजना के लिए भारतीय ब्लू-कॉलर श्रमिकों की भर्ती करने वाली प्रमुख कंपनियों और बीमा सेवा प्रदाताओं के बीच बैठकें कीं, जो यूएई में श्रमिकों की प्राकृतिक व आकस्मिक मृत्यु को कवर कर सकें। जानकारी के मुताबिक, यह कदम तब उठाया गया जब यह देखा गया कि अधिकांश कंपनियां अपने कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा व श्रमिक मुआवजा (कार्य-संबंधी चोटें और मृत्यु) के तहत बीमा कर रही हैं।



हालांकि, कर्मचारियों की प्राकृतिक मृत्यु के लिए कोई अनिवार्य बीमा कवरेज नहीं है, और इसलिए मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों/आश्रितों को प्राकृतिक मृत्यु के मामलों में कोई मुआवजा नहीं मिलता है। बीमा प्रदाता गर्गश इंश्योरेंस सर्विसेज एलएलसी और ओरिएंट इंश्योरेंस पीजेएससी जीवन सुरक्षा योजना (एलपीपी) जारी करने पर सहमत हुए। एलपीपी 1 मार्च से प्रभावी है।

### प्राकृतिक होती हैं अधिकांश मौतें

यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें से 65% ब्लू-कॉलर श्रमिक हैं। यह यूएई में प्रवासी श्रमिकों के सबसे बड़े समूहों में से एक हैं। पिछले वर्ष, करीब 1,000 मौतें दर्ज की गईं। यह देखा गया है कि 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में मौत का कारण प्राकृतिक है।

# मिशेल ओबामा नहीं लड़ेंगी राष्ट्रपति चुनाव, ट्रंप से मुकाबले की चर्चाओं को किया खारिज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा का आगामी 2024 के चुनावों में राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ने का कोई इरादा नहीं है, उनके कार्यालय ने खुलासा किया है। उनके कार्यालय के संचार निदेशक क्रिस्टल कार्सन ने कहा कि पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार व्यक्त किया है, वह राष्ट्रपति पद के लिए नहीं हिस्सा लेंगी। मिशेल ओबामा राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पुनः चुनाव अभियान का समर्थन कर रही हैं। नेटफ्लिक्स विशेष में उन्होंने एक बार कहा था कि राजनीति कठिन है जो लोग इसमें आते हैं... आपको यह चाहिए होगा। यह आपकी आत्मा में होना चाहिए, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह मेरी आत्मा में नहीं है।




2022 बीबीसी साक्षात्कार में उन्होंने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति पद के लिए रेस में शामिल होने के बारे में सवालों से नफरत करती हैं। यूएसएटुडे की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने मिशेल ओबामा ने कहा था कि वह 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के संभावित परिणामों के बारे में भयभीत थीं। यह घटनाक्रम एक सर्वेक्षण के बाद सामने आया है कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति जो बिडेन की जगह लेने के लिए मिशेल ओबामा प्रमुख पसंद थीं।

विशेष रूप से, लगभग 48 प्रतिशत डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने पार्टी को नवंबर में चुनाव से पहले जो बाइडेन के स्थान पर एक और उम्मीदवार ढूंढने की अपनी पसंद व्यक्त की थी, जबकि 38 प्रतिशत ने इसे अस्वीकार कर दिया था। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में जो बिडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच संभावित दोबारा मुकाबला देखने को मिलेगा।

